RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार गुरुवार
सुन्नी- 06:23 PM
शिया- 06:41 PM
सहरी गुरुवार
सुन्नी- 05:15 AM
शिया- 05:22 AM

वर्ष : 26 | अंक : 83 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 14 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले बर्बाद होंगे : योगी

## यूपीपीएससी से चयनित 1782 अफसरों को सौंपे नियुक्ति-पत्र

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि परीक्षा की शुचिता में जिन लोगों ने सेंध लगाई है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। वो कहीं भी हों हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों का भविष्य बर्बाद कर देंगे। ऐसे लोगों पर छापे मारे जा रहे हैं। प्रॉपर्टी सील हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने बृहस्पतिवार को लोक सेवा आयोग के अंतर्गत चयनित 39 एसडीएम, 41 पुलिस अधीक्षकों और 16 कोषाधिकारियों व लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद संबोधित कर रहे थे।





उन्होंने कहा कि सरकार ईमानदारी से काम करती है तो परसेप्शन बदलता है। पहले भी लोग वही थे लेकिन मशीनरी को संदेह के दायरे में रखा गया था। आज मशीनरी वही है, लोग वही हैं, बस काम का तरीका बदला है।

उन्होंने युवा अफसरों से कहा कि आपके पास जनता की दुआ लेने और बद्दुआ लेने का मौका होता है। ये आपको तय करना है कि 35 साल क्या लेना है। बद्दुआ लेने वालों की बड़ी दुर्गति होती है। उन्हें कोई पूछता नहीं है। सचिवालय में भटकते मिलते हैं। जो बोया है वही काटा जाता है। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# भीषण आग ने ली दो बच्चों व दंपत्ति की जान

## दिल्ली के शाहदरा में हुआ भयानक हादसा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक भयानक हादसा हो गया। यहां एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने के बाद दम घुटने से दो बच्चों और एक विवाहित जोड़े की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मनोज (30), उनकी पत्नी सुमन (28) और पांच और तीन साल की दो लड़कियों के रूप में की गई है।



पुलिस ने कहा कि उन्हें सुबह करीब 5.20 बजे शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में भीषण आग लगने की सूचना मिली। तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया। अधिकारी ने बताया कि एक स्थानीय पुलिस टीम, चार दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें अस्पताल से जानकारी मिली कि दम घुटने से चार लोगों– दो बच्चों और एक विवाहित जोड़े की मौत हो गई। आगे की जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि जिस इमारत में आग लगी, उसमें चार मंजिल हैं और भूतल पर कार पार्किंग की सुविधा है। आग पार्किंग स्थल से शुरू हुई और धुआं पूरी इमारत में फैल गया। अधिकारी ने कहा, सड़क संकरी होने के बावजूद, अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचने और आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। प्रत्येक मंजिल पर तलाशी ली गई। तीन पुरुषों, चार महिलाओं और दो बच्चों को हेडगेवार अस्पताल भेजा गया।

# 2029 में ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’!

## कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभा के सहित विभिन्न निकायों के एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आज ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई है। रिपार्ट सौंपे जाने के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि 2029 में ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ के नियम को लागू किया जा सकता है।



आज रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान समित ने ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’ पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# बच्चा व दो किशोरियां लापता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक (10 वर्षीय) किशोर व दो किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। थाना बिसरख क्षेत्र से एक (16 वर्षीय) किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी की मां ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।



मूल रूप से बुलंदशहर निवासी मंजू (काल्पनिक नाम) अपने परिवार सहित रोजा जलालपुर गांव में किराए पर रह रही है। मंजू व उसकी (16 वर्षीय) बेटी हिमालय प्राईड सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती है। मंजू के मुताबिक 8 फरवरी को वह अपनी बेटी के साथ सोसाइटी में काम करने के लिए गई थी। शाम तक उसकी बेटी वापस घर नहीं लौटी। काफी तलाश में पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उसने इसकी शिकायत थाना बिसरख पुलिस से की **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# लाखों रुपये की बाइक चोरी ई-रिक्शा पर हाथ साफ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर में वाहन चोरों का खौफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर आए दिन लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। अलग-अलग स्थान से वाहन चोरों ने ई रिक्शा सहित 6 वाहनों पर हाथ साफ कर दिया। थाना बिसरख क्षेत्र के ताज हाईवे के पास बने आर्मी फार्म हाउस में विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए आए लक्ष्मण निवासी आदर्श कॉलोनी बिहारीपुरा गाजियाबाद की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बंथला लोनी गाजियाबाद निवासी अमन कुमार ने थाना बिसरख में दर्ज रिपोर्ट में **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# ऑटो में भरा था टेंट हाउस से चोरी का सामान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

थाना बिसरख पुलिस ने ऑटो में चोरी के माल को ले जा रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से टेंट हाउस से चोरी की गई दो बैटरी, एसी का आउटडोर, फ्रिज के दो कंप्रेसर, भगोने व परात आदि बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ब्लू सफायर मॉल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बीते दिनों टेंट हाउस में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला चोर अपने ऑटो में चोरी का सामान लेकर शाहबेरी की तरफ जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक ऑटो चालक को जांच के लिए रोका। पुलिस को देखकर ऑटो चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। ऑटो में चोरी का सामान भरा हुआ था। पूछताछ में पकड़े गए ऑटो चालक ने अपना नाम राहुल यादव निवासी इटावा व हाल पता तिगरी बताया। तलाशी में ऑटो से चोरी की दो बैटरी, एसी का आउटडोर, फ्रिज के दो कंप्रेसर, 9 परात, 6 भगोने आदि बरामद हुए। ऑटो चालक राहुल यादव की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# ठेकेदार ने जबरन कंपनी से उठवाया स्क्रैप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्क्रैप खरीदने के बाद पेमेंट न करने तथा कंपनी से जबरन स्क्रैप निकालने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ थाना फेस-2 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कंपनी प्रबंधन का आरोप है कि स्क्रैप ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए जबरन कंपनी से स्क्रैप निकाल लिया। फेस-2 स्थित कंपनी के अधिकारी हर्षवर्धन ने बताया कि स्क्रैप ठेकेदार मेहताब कुरैशी तथा उसके भाई नाजिम, ओवैस व एक अन्य व्यक्ति ने उनसे कंपनी का स्क्रैप खरीदा था। इसके बाद सेक्टर-85 स्थित कोरियर कंपनी तथा एक अन्य कंपनी से स्क्रैप खरीदने की बात मेहताब कुरैशी से हुई। मेहताब कुरैशी व उसके भाइयों ने दबंगई दिखाते हुए कंपनी से जबरन स्क्रैप निकाल लिया। स्क्रैप निकालने के बाद उन्होंने जब पैसे मांगे तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। हर्षवर्धन का आरोप है कि आरोपी उसे पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# आशीर्वाद कंपनी के बेचे जा रहे थे नकली पाईप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पाइप बनाने वाली आशीर्वाद कंपनी के नकली पाईप बेचने की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा। दुकान से आशीर्वाद कंपनी के 10 बंडल नकली पाइप बरामद हुए हैं। कंपनी प्रतिनिधि की शिकायत पर दुकानदार के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी अंकुर शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि चिपयाना बुजुर्ग गांव में एक दुकानदार आर्शीवाद पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नकली सीपीवीसी पाइप बेच रहा है। सूचना के आधार पर उन्होंने थाना बिसरख कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। बिसरख कोतवाली पुलिस की टीम तथा लीगल कंपनी की टीम चिपयाना बुजुर्ग स्थित मिश्रा ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंची। दुकान के गोदाम की तलाशी लेने पर यहां से आशीर्वाद कंपनी के 10 बंडल पाइप बरामद हुए। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# पीजी से लैपटॉप मोबाइल व सामान चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सेक्टर-63ए ब्लॉक के पीजी से चोरों ने दो लैपटॉप, मोबाइल फोन व कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय कमरे का दरवाजा खुला हुआ था।



मूल रूप से आगरा निवासी प्रतीक गुप्ता ने बताया कि वह अपने रूममेट शुभम सूर्यवंशी के साथ सेक्टर-63 ए ब्लॉक में आफरीन होम पीजी में रह रहा है। बीते 11 मार्च को दोनों ने देर रात तक कंपनी का काम किया और सो गए। इस दौरान दरवाजा खुला रह गया। सुबह के समय जब वह सो कर उठे तो उन्हें कमरे से दो लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य सामान गायब मिला। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# ट्रकों से सरिया चोरी करने वाले ट्रक चालक दबोचे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अगर आप कंपनी से सरिया मंगवा रहे हैं तो सावधान हो जाइए ऐसा ना हो कि ट्रक चालक आपको हजारों रुपए का चूना लगा दें।



थाना बिसरख पुलिस ने चार ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए ट्रक चालक ट्रक में लदे सरिया को रास्ते में उतारकर बेच देते थे। ट्रक चालक सरिया चोरी को बड़े ही सुनियोजित तरीके से अंजाम देते थे। चोरी करने से पूर्व यह अपने ट्रक या ट्रॉला का डीजल टैंक खाली रखते थे। ट्रक से सरिया उतारने के बाद चालक उतने ही वजन का डीजल गाड़ी में डलवा लेते थे जिससे कांटे पर गाड़ी का वजन ठीक आता था। इनके पास से चोरी का 200 किलो सरिया बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि भोलानाथ पार्किंग के सामने जीटी रोड पर खाली स्थान पर गाड़ियों के कुछ ड्राइवर सरिया को चोरी कर बेचते हैं। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# पिता का दोस्त बनकर जालसाज ने ठगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिता का दोस्त बनकर जालसाज ने एक युवती को अपने झांसे में लेकर उससे एक लाख 29 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-11 एन ब्लॉक में रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 28 फरवरी की दोपहर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति की कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को उसके पिता का दोस्त बताते हुए कुछ पैसे लौटाने को कहा। उसने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि वह पैसे उसके अकाउंट या पेटीएम में ट्रांसफर कर रहा है। **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, दो भाईयों की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र में बीती देर रात तिरथली गांव के पास हाईवा की टक्कर से अर्टिगा कर सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय दोनों भाई अपने रिश्तेदारों को लेने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे से जा रहे थे।

ग्राम करेब निवासी कान्हा के घर में बीती रात्रि माता के जागरण का कार्यक्रम था। देर रात्रि कान्हा के कुछ रिश्तेदारों ने फोन कर बताया कि वह यमुना एक्सप्रेस वे पर खड़े हुए हैं। इसके बाद कान्हा के बेटे ओमवीर व लोकेश अपनी अर्टिगा कार से रिश्तेदारों को लेने के लिए चल दिए। उनकी कार जैसे ही तिरथली गांव के पास पहुंची तो पीछे से तेज गति में आ रहे हाईवा ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अर्टिगा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक हाईवा को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल हुए ओमवीर व लोकेश ने मौके पर ही तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना स्थल से गुजर रहे किसी राहगीर ने इसकी सूचना ओमवीर के परिजनों को दी। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे की सूचना मिलने पर थाना रबूपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शवों को पोस्टमार्टम के **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

# चोरी की बाइक पर सवार लुटेरा मुठभेड़ में घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरी की बाइक पर सवार होकर चेन लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर लुटेरे की थाना बिसरख पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया। पकड़े गए लुटेरे के पास से महिला से लूटी गई सोने की चेन, तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना बिसरख प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर एक बाइक सवार युवक भाग निकला। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा किया तो बदमाश ने बाइक रोककर पुलिसकर्मियों पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो कर गिर पड़ा। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस व एक सोने की चेन बरामद हुई। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम शहजान उर्फ काला पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी शादीपुर डल्ला थाना कोतवाली जनपद बिजनौर बताया।

एडीसीपी के मुताबिक पकड़ा गया लुटेरा हाल में ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी झुग्गी बस्ती में रह रहा है। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि उसके पास से बरामद चेन उसने दोपहर में पाम वैली सोसायटी के बाहर एक महिला से छीनी थी। बरामद बाइक उसने आर्मी फार्म के बाहर से चोरी की थी। चोरी की बाइक पर ही वह लूट की वारदात को अंजाम देता था। बाइक के संबंध में थाना बिसरख में चोरी का मुकदमा दर्ज है।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए शहजान उर्फ काला पर लूट आदि के कई मुकदमे पंजीकृत है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

# चुनाव से पहले दांव

नागरिकता संशोधन बिल को 2016 में संसद में पेश किया गया। दिसंबर, 2019 में लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। जाहिर है कि कानून बनाने की पटकथा को अंतिम रूप दे दिया गया, लेकिन 4 साल 3 माह की लंबी अवधि के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब आम चुनाव की घोषणा कुछ दिन बाद होने ही वाली थी। इस संदर्भ में अधिसूचना के समय पर कठोर सवाल किए जाने स्वाभाविक हैं। अधिनियम के नियम, उसकी पात्रता और शर्तें आदि तय करने में इतना लंबा वक्त गुजार दिया गया, यह वाकई आश्चर्यजनक स्थिति है। अब एक तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी की गई है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से इंकार कर दिया है। उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी यह बयान दिया है कि पहले सभी संशयों और असमंजस को दूर कर लेना चाहिए था। वैसे किसी भी मुख्यमंत्री को यह क्षेत्राधिकार नहीं है कि संसद द्वारा पारित और भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी कानून को लागू करने से स्पष्ट इंकार कर सके। यह परोक्ष रूप से संघीय टकराव की स्थिति है, जिस पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ को फैसला देना पड़ सकता है। सीएए को ध्रुवीकरण अथवा मुस्लिम-विरोध का नागरिक शास्त्र कहा जा सकता है, जो एक निश्चित हद तक 2024 के आम चुनाव को प्रभावित करेगा। वैसे इसमें भी अर्द्धसत्य ही है। बेशक पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के पीड़ित, अत्याचारों को झेलते उन देशों के घोर अल्पसंख्यकों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, पारसी- को ही भारत की नागरिकता मुहैया कराने की व्यवस्था सीएए में की गई है, लिहाजा भाजपा अपने जनाधार में ध्रुवीकरण करा चुनावी फायदा उठा सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसका सफल प्रयोग बंगाल में कर चुकी है। विरोधियों की आशंका, उनके असमंजस और डर बयां किए जा रहे हैं कि सीएए का लिंक एनआरसी से है। सीएए के जरिए मुसलमानों के एक तबके की नागरिकता छीनी जा सकती है। ऐसी दलीलें महज अफवाहें हैं और देश में विभाजनकारी हालात पैदा करने को विरोध किया जा रहा है। असम, मेघालय, त्रिपुरा में कुछ संगठन आंदोलित हो चुके हैं। याद रहे कि राजधानी दिल्ली के 'शाहीन बाग' इलाके में इसी मुद्दे पर मुसलमानों ने 100 दिन का आंदोलन चलाया था और बाद में पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगे भी भडके थे, लिहाजा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने 'फ्लैग मार्च' तक निकाला है। फिलहाल करीब 18 लाख 74000 आवेदन इन तीनों पड़ोसी देशों से आ चुके हैं। सबसे ज्यादा शरणार्थी 16.39 लाख पाकिस्तान से आए हैं या आना चाहते हैं। पाकिस्तान में हिंदू आदि अल्पसंख्यक 1.18 फीसदी, बांग्लादेश में 8.5 फीसदी और अफगानिस्तान में मात्र 0.04 फीसदी हैं। उनके लिए भारत 'मानवतावादी धार्मिक संरक्षक देश' है। ये तीनों इस्लामी देश हैं, लिहाजा कानून में मुसलमानों की नागरिकता का कोई भी प्रावधान नहीं है। गौरतलब यह भी है कि नागरिकता का ऐसा कानून 1955 से हमारे देश में लागू है, जब जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। उसमें 6 संशोधन भी किए जा चुके हैं। मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 बना कर इसे व्यापकता दी है। पात्र शरणार्थी एक निश्चित वेबपोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकार प्राप्त समिति इस पर अंतिम फैसला लेगी। इसके प्रमुख निदेशक (जनगणना) होंगे और 7 अन्य सदस्य भी समिति में होंगे। कानून के नियमों में स्पष्ट उल्लेख है कि सीएए में नागरिकता छीनने का प्रावधान नहीं है। वैसे भी संविधान में उल्लेख है कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता छीनी नहीं जा सकती। आज जो सीएए विरोधी राजनीतिक प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वे हिंदू-मुसलमान की सियासत ही है, ताकि इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम वोट बटोरे जा सकें। हिंदू आदि का अधिकतम ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में होना चाहिए। इस कानून का विरोध जायज नहीं लगता।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यदि मनुष्य विश्वास करे, तो कलियुग के समान दूसरा युग नहीं है, (क्योंकि) इस युग में श्री रामजी के निर्मल गुणसमूहों को गा-गाकर मनुष्य बिना ही परिश्रम संसार (रूपी समुद्र) से तर जाता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**प्रगट चारि पद धर्म के कलि महुँ एक प्रधान।**
**जेन केन बिधि दीन्हें दान करइ कल्यान॥**

धर्म के चार चरण (सत्य, दया, तप और दान) प्रसिद्ध हैं, जिनमें से कलि में एक (दान रूपी) चरण ही प्रधान है। जिस किसी प्रकार से भी दिए जाने पर दान कल्याण ही करता है॥

**नित जुग धर्म होहिं सब केरे। हृदयँ राम माया के प्रेरे॥**
**सुद्ध सत्व समता बिग्याना। कृत प्रभाव प्रसन्न मन जाना॥**

श्री रामजी की माया से प्रेरित होकर सबके हृदयों में सभी युगों के धर्म नित्य होते रहते हैं। शुद्ध सत्त्वगुण, समता, विज्ञान और मन का प्रसन्न होना, इसे सत्ययुग का प्रभाव जानें॥

**सत्व बहुत रज कछु रति कर्मा। सब बिधि सुख त्रेता कर धर्मा॥**
**बहु रज स्वल्प सत्व कछु तामस। द्वापर धर्म हरष भय मानस॥**

सत्त्वगुण अधिक हो, कुछ रजोगुण हो, कर्मों में प्रीति हो, सब प्रकार से सुख हो, यह त्रेता का धर्म है। रजोगुण बहुत हो, सत्त्वगुण बहुत ही थोड़ा हो, कुछ तमोगुण हो, मन में हर्ष और भय हो, यह द्वापर का धर्म है॥

**तामस बहुत रजोगुन थोरा। कलि प्रभाव बिरोध चहुँ ओरा॥**
**बुध जुग धर्म जानि मन माहीं। तजि अधर्म रति धर्म कराहीं॥**

तमोगुण बहुत हो, रजोगुण थोड़ा हो, चारों ओर वैर-विरोध हो, यह कलियुग का प्रभाव है। पंडित लोग युगों के धर्म को मन में ज्ञान (पहचान) कर, अधर्म छोड़कर धर्म में प्रीति करते हैं॥

**काल धर्म नहिं ब्यापहिं ताही। रघुपति चरन प्रीति अति जाही॥**
**नट कृत बिकट कपट खगराया। नट सेवकहि न ब्यापइ माया॥**

जिसका श्री रघुनाथजी के चरणों में अत्यंत प्रेम है, उसको कालधर्म (युगधर्म) नहीं व्यापते। हे पक्षीराज! नट (बाजीगर) का किया हुआ कपट चरित्र (इंद्रजाल) देखने वालों के लिए बड़ा विकट (दुर्गम) होता है, पर नट के सेवक (जंभूरे) को उसकी माया नहीं व्यापती॥

क्रमशः

# इंडिया गठबन्धन की उलझनों से चुनावों में भाजपा की राह आसान होती दिख रही है

इंडिया गठबन्धन लगातार कमजोर होता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि केंद्र की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए में नये दलों के जुड़ने की खबरों से उसके बड़े लक्ष्य के साथ जीत की राह आसान होती जा रही है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें जीतने का लक्ष्य निश्चित किया है। भाजपा जहां इस बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पुराने सहयोगियों को फिर से साध रही है तो दूसरे दलों के नेताओं को अपने पाले में करने पर भी पार्टी का जोर है और वह इसमें बड़ी सफलताओं को प्राप्त कर रही है। ओडिशा में बीजेडी और आंध्र में टीडीपी से गठबंधन पक्का माना जा रहा है। त्रिपुरा का मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा भी अब भाजपा सरकार में शामिल हो गया है।

भाजपा पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक चुनावी समीकरण सेट करने एवं विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने की रणनीति में जुटी है। भाजपा ने अभी अनेक प्रांतों में अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है, ताकि दूसरे दलों के एनडीए में शामिल करने एवं उनसे सीटों के समीकरण को सेट करने के दरवाजे खुले रहे। निश्चित रूप से भाजपा की यह मजबूत होती स्थिति विपक्ष की एकता के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती क्योंकि इंडिया गठबन्धन विभिन्न मजबूत क्षेत्रीय दलों का ही गठबन्धन माना जाता है जिसमें कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी के अलावा अन्य क्षेत्रीय दलों में उतना दम नहीं है, या अनेक मजबूत दल एनडीए के साथ जुड़ चुके हैं या उन्होंने स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया गठबन्धन की सांसें छीन ली है। इन नये गठजोड़ों से बनते राजनीतिक परिदृश्य इंडिया गठबन्धन के लिये चिन्ता का कारण है।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें। इसलिये भाजपा विभिन्न दलों को एनडीए में शामिल करने के जोड़-तोड़ में लगी है। इस चुनाव को लेकर चुनावी गठबंधनों का दौर चल रहा है। राजनीतिक दल चुनावी गठबंधनों और सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन में क्षेत्रीय दलों को जोड़ा जा रहा है, तो दूसरी तरफ खड़ा है इंडिया गठबंधन। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने भी कुछ राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग पर बात बना ली है। कुछ पर अब भी बात चल रही है। भाजपा ने 2 मार्च को अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम थे। कुछ ऐसे राज्य बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक




**वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक होंगे। ऐसी संभावनाएं हैं कि भाजपा शारदार एवं ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सक्रिय है। नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनावों के परिणाम उनके 400 सीटों के लक्ष्य को हासिल करें।**

हैं जहां से भाजपा ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की। इन राज्यों के एक भी सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं करने का कारण है- भाजपा की अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन या गठबंधन के दलों के साथ सीट शेयरिंग पर अब भी चल रही बातचीत में संभावनाएं तलाशने की रणनीति।

लोकसभा चुनाव सन्निकट हैं। इंडिया गठबन्धन एवं एनडीए रूठे नेताओं को मनाने, गठबंधन का गणित सेट करने और पुराने सहयोगियों को फिर से साथ लाकर कुनबा बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं। भाजपा ने इन चुनावों में 'अबकी पार, 400 पार' का नारा दिया है। अब पार्टी इस नारे को चुनाव नतीजे में तब्दील करने के लिए व्यापक स्तर पर गठबंधनों की संभावनाओं को तलाश रही है। ओडिशा में बीजू जनता दल और भाजपा का गठबंधन पक्का माना जा रहा है। अगर ये गठबंधन होता है तो राज्य में दोनों ही दलों को बढ़िया चुनाव परिणाम मिल सकते हैं। कारण कि पिछले लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस को मात्र 1 सीट पर जीत मिली थी और वर्तमान में यहां की राजनीति पर नवीन पटनायक की मजबूत पकड़ बताई जाती है। लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में दोनों पार्टियां 11 सालों तक गठबंधन में रहीं। इस दौरान दोनों दलों का राज्य की राजनीति पर दबदबा बना रहा। पटनायक राजनीति के महारथी हैं, उनको भाजपा के साथ गठबंधन करना ही पार्टी एवं राज्य की जनता के हित में प्रतीत हो रहा है।

बीजू जनता दल की पिछले 25 वर्षों से ओडिशा में सरकार है और इसके मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक इस पार्टी के एकछत्र नेता माने जाते हैं और इस दल का 2009 तक भाजपा से सहयोग था और यह एनडीए का हिस्सा था। 1998 में जब एनडीए का गठन हुआ था तो बीजू जनता दल स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में इसमें शामिल हुआ था। मगर 2008 में ओडिशा के कन्धमाल में भीषण साम्प्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें भाजपा पर भी गंभीर आरोप लगे थे। उसके बाद 2009 में बीजू जनता दल लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से बाहर आ गया था। अब पुनः 15 वर्ष बाद वर्ष 2024 के आम चुनाव में ही यह पुनः एनडीए में शामिल हो रहा है और मोदी के नेतृत्व में राज्य को विकास की नयी ऊंचाइयां देना चाहते हैं। नवीन बाबू की वरीयता राज्य शासन पर काबिज रहना है और भाजपा का लक्ष्य केन्द्र की सरकार पर आरुढ़ रहना है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे के लक्ष्य को पूरा करने में एक-दूसरे की सहायक हो सकती हैं। अतः इससे विपक्ष का यह विमर्श भी निस्तेज पड़ता है कि श्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से देश में भाजपा विरोध का समां बंधा है। मोदी के प्रभावी नेतृत्व का ही परिणाम है कि अनेक क्षेत्रीय दल भाजपा का समर्थन करते हुए न केवल अपनी राजनीति को जीवंत रखना चाहते हैं बल्कि नया भारत-सशक्त भारत बनाने में खुद को शामिल करना चाहते हैं।

ओडिशा की ही तर्ज पर बिहार में भी नीतीश को मोदी के नेतृत्व में हित दिखाई दिया है। यही कारण है लोकसभा चुनाव के पहले बिहार में राजनीतिक बदलाव करते हुए नीतीश एनडीए से जुड़ गये। इस बदलाव से राज्य में भाजपा और नीतीश कुमार को इस चुनाव में बड़ा फायदा होने की संभावनाएं है। राज्य में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अलावा इन दलों का भी साथ है- चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास (लोजपा रामविलास), चिराग के चाचा पशुपति पारस की लोजपा, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा। लेकिन इन दलों एवं भाजपा के बीच कई कारणों से पेंच फंसे हुए है, सीटों के बंटवारे को लेकर समझौते के तार उलझे हुए हैं, जो निकट भविष्य में सुलझ जाने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र की 48 सीटों में से करीब 32 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ सकती है, वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना को लगभग 12 सीट और अजित पवार की एनसीपी को लगभग 4 सीटें मिल सकती हैं। राज्य में 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए में भाजपा के साथ शिव सेना ने चुनाव लड़ा था। भाजपा ने 25 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 23 पर जीत हासिल की थी। वहीं शिवसेना ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और 18 पर जीत दर्ज की। तब कांग्रेस और एनसीपी गठबंधन में साथ थे। एनसीपी को 4 सीटों पर और कांग्रेस को 1 सीट पर जीत मिली थी। उधर आंध्र प्रदेश में भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी का गठबंधन हो सकता है। 7 मार्च को टीडीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात के बाद गठबंधन की अटकलों को बल मिल गया है। राज्य में भाजपा, टीडीपी और जन सेना के बीच गठबंधन को लेकर बातें तय हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, टीडीपी भाजपा के लिए 6 सीटें छोड़ने पर सहमत हो गई है। विभिन्न गैर भाजपा राज्यों में भाजपा की स्थिति अनुकूल बनती जा रही है, जिससे उसका 400 सीटों के पार का लक्ष्य हासिल होता हुआ दिखाई दे रहा है। जबकि कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबन्धन की उलझनों में उलझी हुई है। ये उलझने ही भाजपा की राह को आसान बना रही हैं।

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# आखिर क्यों कर रहे हैं सीएए का विरोधी

संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ भ्रम फैलाने का खेल शुरू हो चुका है। कुछ लोग इस कानून पर रोक लगाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं तो कुछ लोगों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि इस कानून को हम अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे जबकि वह जानते हैं कि केंद्रीय कानून में हस्तक्षेप करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मगर वोटों की राजनीति के लिए वह कुछ भी बोल रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री तो सबसे आगे निकल गये और सीएए का विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अमर्यादित शब्द का उपयोग करते हुए कह दिया है कि ये क्या बदतमीजी है।

जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं उनसे हमारे कुछ सवाल हैं। क्या वह एक बार भी उन बस्तियों में गये हैं जहां पड़ोसी देशों से आये शरणार्थी रह रहे हैं? भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उनके सामने विकल्प थे या तो धर्मांतरण कर लो या मर जाओ या देश छोड़ दो। उन्होंने देश छोड़ कर भारत में शरण ली लेकिन यहां की नागरिकता नहीं होने के चलते उनको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। यही नहीं कोई उन्हें काम पर भी नहीं रखता क्योंकि वह अपनी पहचान साबित नहीं कर सकते। ऐसे में कम पैसों में ज्यादा मजदूरी करके वह किसी तरह अपना पेट पालते हैं, उनके बच्चों का स्कूल में एडमिशन नहीं होता और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी इलाज में परेशानी होती है क्योंकि उनकी कोई पहचान नहीं है।

जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें से एक ने भी इस कानून के नियमों को पूरी तरह से पढ़ा है? जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं क्या उनमें जरा भी मानवता नहीं है? जो लोग कह रहे हैं कि इसमें पड़ोसी देशों के मुस्लिमों को क्यों नहीं शामिल किया गया क्या वह इस बात को नहीं जानते कि मुस्लिमों को इस्लामिक देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जाता? अगर वह वहां किसी तरह परेशान भी हैं तो दुनिया में कई इस्लामिक देश हैं जहां वह बस सकते हैं। लेकिन हिंदुओं के लिए हिंदू बहुलता वाला एक ही देश भारत है जहां वह आ सकते हैं। जो लोग कह रहे हैं कि सीएए में मुस्लिमों को शामिल नहीं कर भारत के संविधान का उल्लंघन किया गया है, उन्होंने शायद गृह मंत्रालय का बयान नहीं पढ़ा है। इसके अलावा, भारत कैसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलता है और कैसे अपने अल्पसंख्यकों का खास ख्याल रखता है, इसे आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि भारत में अल्पसंख्यक मामलों के लिए अलग से मंत्रालय है। यही नहीं, भारत में वक्फ एक्ट के तहत मुस्लिमों के लिए अलग से भूमि अधिकार कानून है। साथ ही भारत में आर्टिकल 30 के तहत अल्पसंख्यकों के लिए विशेष धार्मिक शिक्षा अधिकार कानून है। यही नहीं भारत में एचआरसीई एक्ट के तहत मंदिरों की संपत्ति और प्रबंधन से जुड़े तमाम अधिकार राज्य सरकारों के हाथ में हैं मगर किसी अन्य धर्म से जुड़े स्थलों पर सरकार का किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं है।

*जो लोग तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सीएए का विरोध कर रहे हैं उनसे हमारे कुछ सवाल हैं। क्या वह एक बार भी उन बस्तियों में गये हैं जहां पड़ोसी देशों से आये शरणार्थी रह रहे हैं? भारत में रह रहे शरणार्थियों को अपने मूल देश में धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेलनी पड़ी।*

लेकिन हल्ला मचाने वालों का एक ही लक्ष्य है कि झूठ इतनी बार बोलो और इतना तेज बोलो कि सच दब कर रह जाये। मगर सच दब नहीं सकता। जिसके मन में सीएए को लेकर जरा भी शक है उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी बयान को पढ़ना चाहिए जिसमें कहा गया है कि नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) पर भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं। मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग की आशंका को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि "इस कानून के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा।" गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि भारतीय मुसलमानों को किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस कानून में उनकी नागरिकता को प्रभावित करने वाला कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता कानून का वर्तमान 18 करोड़ भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, जिनके पास अपने समकक्ष हिंदू भारतीय नागरिकों के समान अधिकार हैं।


हम आपको बता दें कि गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि उन तीन मुस्लिम देशों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के कारण पूरी दुनिया में इस्लाम की छवि बुरी तरह खराब हुई है। हालांकि, इस्लाम एक शांतिपूर्ण धर्म होने के नाते, कभी भी धार्मिक आधार पर घृणा, हिंसा, उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता है। गृह मंत्रालय के बयान में कहा गया कि यह कानून अत्याचार के नाम पर इस्लाम की छवि खराब होने से बचाता है। कानून की आवश्यकता बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि भारत का अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ प्रवासियों को इन देशों में वापस भेजने के लिए कोई समझौता नहीं है। बयान में कहा गया है कि यह नागरिकता कानून अवैध प्रवासियों के निर्वासन से संबंधित नहीं है। इसलिए मुसलमानों और छात्रों सहित लोगों के एक वर्ग की चिंता अनुचित है कि सीएए मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6, जो प्राकृतिक आधार पर नागरिकता से संबंधित है, के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है। बयान में कहा गया कि अन्य धर्मों वाले भारतीय नागरिकों की तरह भारतीय मुस्लिमों के लिए आजादी के बाद से उनके अधिकारों की स्वतंत्रता और अवसर को कम किए बिना, सीएए ने 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले लोगों के उत्पीड़न की पीड़ा को कम करने तथा उनके प्रति उदार व्यवहार दिखाने के उद्देश्य से नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधि को 11 से कम कर पांच साल कर दिया है। सीएए लाने के औचित्य पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि उन तीन देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के प्रति सहानुभूति दर्शाने के लिए यह कानून, भारत की उदार संस्कृति के अनुसार उनके सुखी और समृद्ध भविष्य के लिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का अवसर देता है। बयान में कहा गया है कि नागरिकता प्रणाली में जरूरत के अनुसार बदलाव लाने और अवैध प्रवासियों को नियंत्रित करने के लिए इस कानून की आवश्यकता थी। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है।

**-नीरज कुमार दुबे**


# राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : पंचमी


(विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान बहुत अच्छा, व्यापार भी बहुत अच्छा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
जिस चीज की जरूरत होगी उसकी उपलब्धता होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान थोड़ा अभी भी मध्यम चल रहा है।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान बहुत अच्छा। धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबो में वृद्धि होगी।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
पराक्रम रंग लाएगा रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोडा मध्यम, प्रेम संतान माध्यम, व्यापार सही चलेगा।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगा। पिता का साथ होगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मां का साथ होगा। भूमि भवन वाहन की खरीदारी होगी लेकिन गृह कलह भी हो सकती है।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, समाज में सराहे जाएंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम संतान में सुधार हो चुका है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
प्रेम में नोकझोंक हो सकता है। संतान पक्ष से थोड़ी सी नोकझोंक हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार अच्छा। शत्रु नुकसान पहुंचने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक होंगे और रुका हुआ आपका कार्य चल पड़ेगा



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर विजय मिलेगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चकरी की स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक स्ट्रक्चर सुधरेगा।

# प्राधिकरण की तानाशाही नहीं चलने देंगे : भाटी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में भारतीय किसान यूनियन बलराज का धरना आज भी जारी रहा। धरने में भारी संख्या में महिलाएं बच्चे एवं पुरुष मौजूद रहे।

बताते चलें कि शहदरा गांव में भारतीय किसान यूनियन धनराज के नेता हातिम सिंह भाटी की मार्केट नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा तोड़े जाने के विरोध में यह धरना चल रहा है। धरने में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि जब तक मुझे न्याय नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की तानाशाही किसी कीमत पर चलने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस के मेरी मार्केट को जबरन तोड़ दिया गया। जबकि इस मार्केट पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश भी था। स्थगन आदेश के बाद भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने जबरन मकान व दुकान को तहस-नहस कर दिया।

धरने में रामवीर भाटी, उधम भाटी, योगेश वैष्णव सहित भारी संख्या में यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद।

## प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कदम स्वागत योग्य : कुशवाहा दीपक



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता दीपक कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। भाजपा के एजेंडा में सीएए को लागू करने की बात थी। एजेंडा लागू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अन्य देशों में सताए गए अल्पसंख्यक जो जान बचाकर भारत आए और वर्षों से शरणार्थी के रूप में गुजर बसर कर रहे हैं। उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने से सम्मान से जीने का हक मिलेगा।

श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्षों से भारत में शरणार्थी के रूप में रह रहे लोगों को मानवी एवं सामाजिक रूप से जीने का अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

## 'त्राहि-त्राहि कर रहा किसान'



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ऑल इंडिया किसान कांग्रेस में नेशनल ज्वाइंट कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी मिलने पर अब्बास हैदर ने दिल्ली जाकर ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैहरा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला का धन्यवाद किया।

अखिलेश शुक्ला ने कहा हम सब लोग मिलकर देश से किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी की सरकार को लाएंगे।

केंद्र सरकार की गलत व किसान विरोधी नीतियों से आज किसान त्राहि त्राहि कर रहा है।

## छात्र की हत्या का मास्टरमाइंड गर्लफ्रेंड संग पहुंचा मुंबई

### 10 फीट गहरे गड्ढे में दबाया था शव

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित बेनेट विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले अमरोहा के छात्र यश मित्तल की हत्या के मास्टरमाइंड शुभम चौधरी की आखिरी लोकेशन मुंबई में मिली है। आरोपित की बहन सीआईएसएफ में तैनात है। आशंका है कि मुंबई में आरोपित उसी के यहां छिपा था। आरोपित के साथ उसकी प्रेमिका भी फरारी काट रही है। शुभम को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। कारोबारी के बेटे यश की हत्या के मामले में शुभम ही वह अहम कड़ी है, जिसकी गिरफ्तारी के बाद कई टूटी हुई कड़ियां जुड़ेंगी। वही पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ है कि शुभम उस दिन विश्वविद्यालय के बाहर भी मौजूद था, जब सुशांत व रचित यश को गाड़ी में बैठाकर ग्रेटर नोएडा से गजरौला ले गए थे। दरअसल, घटना की जांच में जुटी पुलिस को शुभम के संबंध में कई अहम जानकारी हाथ लगी हैं। उसकी कभी भी गिरफ्तारी हो सकती है। जांच में यह भी पता चला है कि शुभम, रचित व सुशांत ने मिलकर यश का गला दबाया था। सबसे पहले शुभम ने ही उसका गला पकड़ा था। हत्या करने के बाद शव को अमरोहा के गजरौला में मिट्टी के दस फीट गहरे गड्ढे में दबा दिया था। हत्या में शुभम की महिला मित्र के शामिल होने की भी आशंका है। महिला मित्र को लेकर ही शुभम मुंबई पहुंचा था। वह ट्रेन में सवार होकर मुंबई पहुंचा था। हत्या में शामिल सुशांत, रचित, शिवम, सुमित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। चारों आरोपितों के खिलाफ पुलिस जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करेगी।

# पवन खटाना ने लगाया पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने पुलिस प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए जा रहे किसानों का पुलिस प्रशासन के अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों के जाने के लिए जो बसें गांव-गांव में लगाई गई थी। उन्हें पुलिस एवं प्रशासन के आल्हा अफसर रोक दिये है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की तानाशाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पवन खटाना ने कहा कि या तो मैं दिल्ली जाऊंगा या मुझे प्रशासन के लोग जेल भेजे। इस अवसर पर भारी संख्या में किसान एवं यूनियन के लोग मौजूद रहे समाचार लिखे जाने तक पुलिस अधिकारियों एवं यूनियन के बीच तनातनी का माहौल बरकरार रहा।

## 14 साल का किशोर 22वीं मंजिल से गिरा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इकोविलेज तीन सोसायटी की म्यूजिक टीचर के 14 साल के बच्चे की 22वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह सातवीं क्लास का छात्र था। घटना के वक्त परिवार के लोग फ्लैट पर ही थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सुसाइड करने की बात सामने आ रही है। स्वजन ने मामले में पुलिस में शिकायत नहीं दी।

## महिला को पीटा पेट में लात मारने से गिरा गर्भ

**ग्रेटर नोएडा।** नंगला चमरू गांव निवासी गर्भवती ने पति पर पेट में लात मारने का आरोप लगाया है। इससे गर्भपात हो गया। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत के छह दिन बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है और आरोपी को हिरासत में लेकर छोड़ दिया। महिला ने सोशल पर संदेश वायरल किया है। एडीसीपी ग्रेनो अशोक कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। मूलरूप से संभल के चंदौसी निवासी सीमा नोएडा की कंपनी नौकरी करती थी। वर्ष 2006 में उनकी पड़ोस में डेयरी करने वाले संजय से मुलाकात हुई। संजय जारचा के नंगला चमरू गांव के रहने वाला है। आरोप है कि संजय ने जाति छिपाकर महिला ने शादी की। उसके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा 16 साल का है। आरोप है कि संजय अक्सर महिला की पिटाई करता था।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ई-2024-38

**कार्य का नामः**कैयरिंग आउट सर्वे वर्क ऑफ़ एक्सिस्टिंग ट्रैक (एसएल / अप/डाउन /थर्ड लाइन ) इन्क्लुडिंग लेवेल्लिंग एंड एलाइनमेंट एंड प्रिपरेशन ऑफ़ एल - सेक्शन एज पर रेकुइरेमेंट ऑफ़ साईट इंजिनियर अंडर जूरिडिक्शन ऑफ़ सीनियर डीईएन/ईस्ट / झाँसी।

**अनुमानित लागत रू.:** 3850000.00 | **अमानत राशिः** 77000.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 04 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 08.04.2024 at 15:00 hrs.** •निविदा दिनांक 08.04.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। •पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देंखें। **430/24(P)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत रू. | अमानत राशि रू. |
|---|---|---|
| झाँसी-इंजी0-ई-2024-32 — **कार्य का नाम :** सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ इलेक्ट्रोनिक टाइप ट्रैक-बेस्ड रेल लुब्रिकेटर इन झाँसी-मानिकपुर, खैरार-भीमसेन, ललितपुर-खजुराहो, महोबा-खजुराहो एंड बांसपहाड़-ओहन सेक्शन अंडर सब-डिवीजन ऑफ एडीईएन महोबा एवं बाँदा। | 91535393.63 | 607700.00 |
| झाँसी-इंजी0-ई-2024-33 — **कार्य का नाम :** सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ इलेक्ट्रोनिक टाइप ट्रैक-बेस्ड रेल लुब्रिकेटर इन झाँसी-मानिकपुर, खैरार-भीमसेन, ललितपुर-खजुराहो एंड महोबा-खजुराहो सेक्शन अंडर सब-डिवीजन ऑफ महोबा एंड बाँदा। | 7295496.81 | 145900.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि :** सभी ई-निविदा सूचना संख्या के लिये : 01.04.2024 at 15:00 hrs. **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** सभी ई-निविदा सूचना संख्या के लिये : 60 माह। • निविदा दिनांक 01.04.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **392/24 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 05/2024/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांक 06.03.2024**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है

| निविदा सं. | निविदा मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-आर.एस-डब्ल्यू.सी.टी25-2023-24 — **कार्य का विवरण :** बी.एच.ई.एल. मेक टेप चेन्जर डब्ल्यू.ए.जी.-5 लोकोमोटिव में लगे बी.एच.ई.एल. रिवर्सर की रिपेयरिंग, रिहैबिलिटेशन व ओवरहॉलिंग करना। | Rs. 5360570.56 | Rs. 107200.00 |
| झाँसी-आर.एस-डब्ल्यू.सी.-टी26-2023-24 — **कार्य का विवरण :** एलगी मेक टी.आर.सी. 1000 एम एन और टी.आर.सी. 1000 एम एन यू जी कम्प्रेशर के साथ कम्प्रेशर मोटर (थ्री फेज प्रेरण मोटर) की ओवरहॉलिंग करना। | Rs. 16465654.00 | Rs. 232300.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि :** सभी ई-निविदा सूचना संख्या के लिये : 02.04.2024. **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि :** सभी ई-निविदा सूचना संख्या के लिये : 24 माह। निविदाकार निविदा दिनांक 02.04.2024 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **400/24 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR


# होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | अवधि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01053 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | बनारस | 16:05 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पीपरईया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज च्योकी स्टेशन। |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (ट) | 23:55 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | | |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट) | 12:15 | गोरखपुर जंक्शन | 18:55 | शुक्रवार | 15 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01124 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 07:25 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 01103 | सीएसटी मुंबई | 22:35 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | गुरुवार | 14 से 28.03.2024 तक | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ (जं.), गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 01104 | गोरखपुर जंक्शन | 15:30 | सीएसटी मुंबई | 00:40 | शनिवार | 16 से 30.03.2024 तक | | |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, देवरिया, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं. एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05023 | गोरखपुर जंक्शन | 21:15 | आनन्द विहार (ट) | 13:15 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05024 | आनन्द विहार (ट) | 15:15 | गोरखपुर जंक्शन | 07:30 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05097 | टनकपुर | 18:25 | दौराई | 13:40 | शुक्र, सोम, बुध | 22 से 29.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेल सिटी, बरेली जं., चन्दौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नारनौल, नीम का थाना, श्रीमाधोपुर, रिंगस जं., फुलेरा जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन। |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | शनि, मंगल गुरु | 23 से 30.03.2024 तक | | |
| 05047 | बनारस | 19:20 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | मंगलवार | 26.03.2024 | वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान | भदोही, माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, अमेठी जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन। |
| 05048 | आनन्द विहार (ट) | 18:15 | बनारस | 08:10 | बुधवार | 27.03.2024 | | |
| 05053 | गोरखपुर जंक्शन | 09:30 | बांद्रा टर्मिनल | 16:00 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर, ऐशबाग, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, सामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., सूरत, वलसाड, वापी, पालघर एवं बोरीवली स्टेशन। |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनल | 21:45 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05005 | गोरखपुर जंक्शन | 14:40 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | बुधवार | 20 एवं 27.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास जं. स्टेशन। |
| 05006 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | गोरखपुर जंक्शन | 08:50 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | | |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जंक्शन | 09:30 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सिवान, थावे, तमकुही रोड, पडरोना, कप्तानगंज, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन। |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 12:45 | छपरा | 14:00 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 05012 | गोमती नगर | 14:00 | छपरा | 00:05 | गुरु., शनि, सोम, बुध | 21 से 27.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | बाराबंकी, बुढवल जं., करनैल गंज, गोंडा, मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., पिपराइच, कप्तानगंज, रामकोला, पड़रौना, तमकुही रोड, थावे, दिघवादुबौली, मसरख एवं छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 05011 | छपरा | 05:45 | गोमती नगर | 16:00 | शुक्र, रवि, मंगल, गुरु | 22 से 28.03.2024 तक | | |
| 05045 | लाल कुआँ | 13:10 | राजकोट | 18:10 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जं., भरतपुर, दौसा, जयपुर जं., फुलेरा जं., नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जं., डेगाना जं., मेड़ता रोड जं., गोटन, जोधपुर जं., लूनी जं., समदड़ी जं., मोकालसर, जालौर, मोदरन, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलडी, पाटन, महेसाना जं., सुरेन्द्रनगर एवं वांकानेर जं. स्टेशन। |
| 05046 | राजकोट | 22:30 | लाल कुआँ | 04:05 | सोमवार | 25.03 एवं 01.04.2024 | | |
| 05193 | छपरा | 15:20 | पनवेल | 20:30 | गुरुवार | 21 एवं 28.03.2024 | वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी जं., बनारस, प्रयागराज जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं., नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण जं. स्टेशन। |
| 05194 | पनवेल | 21:40 | छपरा | 08:50 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, वीरंगम जं., महेसाना जं., उनझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर एवं रेवाड़ी स्टेशन। |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09525 | हापा | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | बुधवार | 20.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | राजकोट जं., बाँकानेर, सुरेन्द्रनगर, अहमदाबाद जं., नाडियाड, आनन्द, छायापुरी, गोधरा, रतलाम, नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शाजापुर, ब्यावर राजगढ़, रुठियाई जं., गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, इटावा, गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटौरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, न्यु जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, कोकराझार, न्यु बंगाईगांव जं., बरपेटा रोड, रंगिया, उदलगुड़ी, न्यु मिसामारी, रंगपारा नार्थ एवं हरमुटी स्टेशन। |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा | 00:30 | शनिवार | 23.03.2024 | | |
| 09183 | मुंबई सेन्ट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | बुधवार | 20.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर एवं वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) | बोरीवली, पालघर, वापी, बलसाड़ जं., सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगाँव, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी जं., प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन। |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेन्ट्रल | 04:20 | शुक्रवार | 22.03.2024 | | |
| 09111 | बडोदरा | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | सोमवार | 18.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई मधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | बडोदरा | 08:35 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 09195 | बडोदरा | 19:00 | मऊ | 20:45 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., सुलतानपुर एवं वाराणसी जं. स्टेशन। |
| 09196 | मऊ | 23:00 | बडोदरा | 00:45 | रविवार | 24 एवं 31.03.2024 | | |
| 09061 | वलसाड | 02:15 | बरौनी जं. | 18:00 | मंगलवार | 19.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | वलसाड | 03:45 | गुरुवार | 21.03.2024 | | |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | दानापुर | 20:30 | सोमवार | 18.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | नाडियाड जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर जं., मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन। |
| 09418 | दानापुर | 23:50 | अहमदाबाद जं. | 11:10 | बुधवार | 20.03.2024 | | |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनन्द विहार (ट) | 14:10 | सोमवार | 25.03 से 01.04.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., एवं गोविन्दपुरी स्टेशन |
| 03436 | आनन्द विहार (ट) | 19:00 | मालदा टाउन | 23:30 | मंगलवार | 26.03 से 02.04.2024 तक | | |
| 04145 | सूबेदार गंज | 21:30 | आनन्द विहार (ट) | 08:00 | तिथिवार | 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य | फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला एवं अलीगढ़ स्टेशन। |
| 04146 | आनन्द विहार (ट) | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:00 | तिथिवार | 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30.03.2024 एवं 01.04.2024 | | |
| 08475 | पुरी जं. | 04:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शुक्रवार | 22 एवं 29.03.2024 | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य | खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मर्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, बिलासपुर, न्यु कटनी जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08476 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | पुरी जं. | 06:55 | शनिवार | 23 एवं 30.03.2024 | | |
| 08571 | विशाखापत्तनम | 08:20 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:40 | शनिवार | 23 से 30.03.2024 तक | वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य | विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतिपुरम, रायगड़, केसिंगा, टिटिलागढ़ जं., कांटाबांजी, खरियार रोड, महासमुन्द, रायपुर, अनूपपुर, न्यु कटनी जं., ललितपुर जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन। |
| 08572 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:35 | विशाखापत्तनम | 13:30 | रविवार | 24 से 31.03.2024 तक | | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# नोएडा शहर के बीच में बनेगा घंटाघर, देगा शहर को नई पहचान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में जल्दी ही एक घंटाघर बनेगा। यह घंटाघर नोएडा शहर के बीचोंबीच (सेंटर) में बनेगा। घंटाघर बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कंसलटेंट कंपनी का चयन भी कर लिया है। कंसलटेंट कंपनी ने नोएडा प्राधिकरण को घंटाघर के 6 अलग-अलग डिजाइन सौंपे हैं। इस बीच नोएडा के नागरिकों ने मांग की है कि जब घंटाघर बनाया ही जा रहा है तो नोएडा में बनने वाले घंटाघर को नोएडा शहर की सबसे ऊंची-ईमारत के रूप में बना दिया जाए। सबसे ऊंची घंटाघर की ईमारत के ठीक ऊपर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की मांग भी नोएडा के नागरिकों ने की है।



आपको बता दें कि नोएडा शहर का संचालन करने वाले नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा शहर के सेक्टर-52 के मेट्रो स्टेशन के पास घंटाकर बनाने का फैसला किया है। नोएडा प्राधिकरण का मानना है कि नोएडा शहर में घंटाघर बनने से नोएडा शहर के एक प्रमुख चौराहे को खास पहचान मिल जाएगी। नोएडा प्राधिकरण पहले भी नोएडा शहर को नए-नए ढंग से सजाने तथा संवारने का काम करता रहा है।

नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि अधिकतर प्रसिद्ध शहरों में घंटाघर स्थापित है। घंटाघर उस शहर की एक अलग पहचान बनाता है। नोएडा की अलग पहचान बनाने के मकसद से नोएडा में जल्दी ही घंटाघर बनाया जाएगा। नोएडा में बनने वाले घंटाघर की ऊंचाई 70 फुट रखने की योजना बनाई गई है। श्रीमती वंदना त्रिपाठी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने एक कंसलटेंट की नियुक्ति भी कर ली है।

नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ ने आगे बताया कि नोएडा में घंटाघर नोएडा के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास विजयंत थॉपर चौक पर स्थापित किया जाएगा। नोएडा में बनने वाले घंटाघर का डिजाइन लगभग तैयार हो गया है। यहां लगने वाली घड़ी का आकर और डिजाइन भी लगभग फाइनल है। जिसे कारीगर घंटाघर का निर्माण के साथ ही बनाएंगे। इस घंटाघर के चारों ओर घड़ी होगी। इस पूरे घंटाघर के निर्माण में करीब 1.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे बनाने वाली सलाहकार कंपनी ने प्राधिकरण के सामने छह डिजाइन दिए है। जिसमें से किसी एक का चयन किया जाना है। इसके बाद इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस क्लाक टावर में रोमन या हिंदी वर्णमाला में अंक हो सकते हैं। शहर का सेक्टर- 51, 52, 71, 72 के चौराहा नोएडा का मिड प्वाइंट है। यहां लोगों की आवाजाही भी बहुत होती है। इसलिए इसी प्वाइंट को घंटाघर बनाने के लिए चुना गया है।

# राजपूत करणी सेना के संस्थापक की पुण्यतिथि मनाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी की प्रथम पुण्यतिथि सेना से जुड़े नेताओं ने मनाई। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद ठाकुर संग्राम सिंह चौहान ने कहा कि लोकेंद्र सिंह कालवी जो कहते थे वह करते थे।

इस अवसर पर राजपूत करणी सेना नोएडा महानगर अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह, नोएडा उपाध्यक्ष सुशील राणा, नोएडा मीडिया प्रभारी निक्कू तोमर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर विपिन सिंह सूर्यवंशी, राजपूत करणी सेना नोएडा सदस्य अभिमन्यु सिंह, रुस्तम राणा, विपिन राणा, महेश राणा, सूरज राणा, आकाश राणा, राहुल राणा, दीपचंद राणा, अरविंद राणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सोनू सिंह, आकाश चौहान, पवन चौहान, मंजेश राणा, चौड़ा ग्राम सभा में सैकड़ों की संख्या में युवा राजपूत करणी सेना पदाधिकारी मौजूद रहे।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# QR कोड स्कैन करते ही मिलेगी बिल्डर परियोजना से जुड़ी जानकारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) पंजीकृत परियोजनाओं से जुड़ी जानकारी को पारदर्शी बनाने की दिशा में नए आयाम तलाश रहा है। इस कड़ी में रेरा अधिकारियों ने पंजीकृत परियोजनाओं का क्यूआर कोड बनाने की दिशा में कदम उठाया है।

रेरा अधिकारियों ने बिल्डरों को क्यूआर कोड युक्त परियोजना पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति आवंटियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद परियोजना पंजीकरण प्रमाण पत्र के नए स्वरूप में अब क्यूआर कोड भी दिया जा रहा है। मोबाइल से स्कैन करके सीधे रेरा पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी देखी जा सकती है।



पंजीकरण प्रमाण पत्र में परियोजना तथा प्रमोटर का नाम, पंजीकरण का महीना, साल, परियोजना के प्रारंभ और पूर्ण होने की तिथि सहित निर्माण अवधि व परियोजना तथा बिल्डरों के पते देखे जा सकते हैं। इसके साथ ही क्यूआर कोड से लैस माडर्न पंजीकरण प्रमाण पत्र को प्रोमोटर के कार्पोरेट कार्यालय तथा परियोजना के साइट कार्यालय में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

वेबसाइट व विज्ञापनों में क्यूआर कोड होने से घर खरीदारों को रेरा पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। विज्ञापनों पर भी क्यूआर कोड होने से घर खरीदारों को पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी।

रेरा अध्यक्ष संजय भूस रेड्डी ने बताया कि बिल्डर परियोजनाओं के पंजीकरण प्रमाण पत्र के स्वरूप में बदलाव किया गया है। अब प्रमाण पत्र रेरा सचिव के डिजिटल सिग्नेचर से जारी हो रहे है। उसमें परियोजना का क्यूआर कोड भी जारी किया जा रहा है।

फ्लैट खरीदार रेरा की वेबसाइट पर परियोजना की भूमि, मानचित्र तथा अन्य स्वीकृतियों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट जैसे समस्त विवरण देखे जा सकते हैं।

# पिता की मौत से डिप्रेशन में आए युवक ने दी जान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिता की मौत के बाद डिप्रेशन में चल रहे एक युवक ने नयावास गांव में अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके से पुलिस को फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में युवक के डिप्रेशन में होने की बात सामने आई है।




मूल रूप से मेरठ निवासी 20 वर्षीय अमन पुत्र ओमवीर हाल में नयावास गांव में किराए पर रह रहा था। वह ई रिक्शा चलाने का काम करता था। पड़ोसियों ने उसे कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देखकर मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना फेस वन पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया है कि अमन के पिता ओमवीर की करीब एक माह पूर्व मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद से ही वह डिप्रेशन में चल रहा था। इसके अलावा उसका ई रिक्शा का काम भी कम हो गया था जिस कारण वह आर्थिक रूप से भी परेशान था। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है।

# चोर को पकड़ा, पीटकर पुलिस को सौंपा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सदरपुर कॉलोनी में एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे चोर को गृह स्वामी ने लोगों की मदद से मौके पर ही रंगे हाथों दबोच लिया। चोर की पिटाई करने के बाद भीड़ ने उसे थाना सेक्टर 39 पुलिस के हवाले कर दिया।

मूल रूप से बदायूं निवासी राहुल हाल में सदरपुर कॉलोनी में रह रहे हैं। 13 मार्च की रात्रि को वह एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए परिवार सहित गए थे। देर रात्रि जब वह घर वापस लौटे तो उन्हें दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा तथा दरवाजा खुला हुआ मिला। घर के भीतर से आहट सुनकर उन्होंने शोर मचाकर आस पड़ोस के लोगों को इकट्ठा कर लिया। लोगों ने घर में घुसे चोर को दबोच कर उसकी जमकर पिटाई की और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम विक्रम उर्फ विक्की बताया इसके पास से ताला काटने का कटर व अन्य सामान बरामद हुआ है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**छात्रों के भविष्य...**

बृहस्पतिवार को जिन लोगों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए हैं उनमें चेतना मंच के वरिष्ठ संवाददाता रमाकांत पाण्डे के पुत्र सुशील कुमार पाण्डे भी शामिल हैं। श्री पाण्डे का चयन पीसीएस में हुआ है। नियुक्ति-पत्र मिलने के बाद सुशील कुमार ने कहा कि आज उनके जीवन का सबसे बड़ा दिन है। आज से वें उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने का काम शुरू कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है। यह प्रदेश की नई तस्वीर है। मात्र आठ महीने नौ दिन में पीसीएस की परीक्षा पूरी हो गई जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। ये पहले यूपी में सोचा भी नहीं जा सकता था। पहले दो से तीन साल लग जाते थे। परीक्षा में एक तिहाई सफलता बेटियों को मिली है। यह नियुक्ति पत्र वितरण का 28वां समारोह है। अब तक 65 हजार से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा चुका है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि अब आप की जिम्मेदारी है। विकसित यूपी को आगे बढ़ाने में अब आप का योगदान जरूरी है आपके माता-पिता को नमन।

**2029 में 'एक...**

को सौंपी। रिपोर्ट 18,626 पन्नों की है। इसमें पिछले 191 दिनों के हितधारकों, विशेषज्ञों और अनुसंधान कार्य के साथ व्यापक परामर्श का नतीजा शामिल है।

समिति ने कहा है कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, जिसके बाद 100 दिन के अंदर दूसरे चरण में स्थानीय निकायों के चुनाव कराए जा सकते हैं। इससे पहले, समिति के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर इस बात की पुष्टि की थी कि समिति 2029 में एक साथ चुनाव कराने का सुझाव देगी। साथ ही इससे संबंधित प्रक्रियात्मक और तार्किक मुद्दों पर चर्चा करेगी

समिति के एक दूसरे सदस्य ने भी नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि समिति का मानना है कि उसकी सभी सिफारिशें सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन यह सरकार पर निर्भर है कि वह उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करे। दूसरे सदस्य ने यह भी कहा कि रिपोर्ट में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्राची मिश्रा द्वारा एक साथ चुनावों की आर्थिक व्यवहार्यता पर एक पेपर शामिल है। रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों का भी उल्लेख किया जाएगा। आयोग ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों सहित विभिन्न हितधारकों से प्राप्त फीडबैक पर विचार किया है।

**बच्चा व दो...**

लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के यहां न्याय की गुहार लगाई, इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पीड़िता के मुताबिक उसकी बेटी के फोन पर अनस पुत्र वसीम नाम के लड़के का अक्सर फोन आता था। मंजू ने शक जाहिर किया है कि अनस ही उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है।

थाना फेस-2 क्षेत्र के याकूबपुर में रहने वाली (16 वर्षीय) किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी के पिता आफाक (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी 8 मार्च को अपनी खाला से मिलने के लिए घर से गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पीड़ित की शिकायत पर थाना फेस दो पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में जनपद बदायूं निवासी रवि सिंह अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। 28 फरवरी को उनका (10 वर्षीय) बेटा घर से बिना बताए चला गया। उन्होंने काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। रवि सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि लापता किशोर व किशोरियों की तलाश की जा रही है।

**ऑटो में भरा था...**

पकड़े गए राहुल यादव ने बताया कि उसने यह सामान एक टेंट हाउस से चोरी किया था। बरामद ऑटो के बारे में आरोपी ने बताया कि वह किराए पर ऑटो चलाता है और इसी को चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त करता है। उसने पूर्व में भी चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**लाखों रुपये की...**

बताया कि उसने अपनी बाइक महागुण मार्ट की पार्किंग में खड़ी की थी। इसके बाद वह महागुण मार्ट में चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब मिली। उसने जब पार्किंग में लगे कैमरे की सीसीटीवी फुटेज देखी तो एक चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया।

थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के डॉक्टर हाजी फैजल मार्केट के बाहर से चोरों ने एक ई रिक्शा को चोरों ने चोरी कर लिया। इस संबंध में ई रिक्शा मलिक फैसल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के डी ब्लॉक की एक कंपनी में काम करने वाले मोहम्मद वसीम की बाइक कंपनी की पार्किंग से चोरी हो गई। मोहम्मद वसीम ने थाना सेक्टर 63 में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना दादरी क्षेत्र के बस अड्डे के पास बने शौचालय के बाहर से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में संदीप गोयल ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

**आशीर्वाद कंपनी...**

थाना प्रभारी ने बताया कि कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी की शिकायत पर मिश्रा ट्रेडर्स के मालिक श्रीकांत मिश्रा के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गोदाम से बरामद माल को जब्त कर लिया गया है।

**पीजी से लैपटॉप...**

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**ट्रकों से सरिया चोरी...**

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर छापा मारा तो चार व्यक्ति ट्रक से सरिया उतारते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने मौके से यासीन, जितेंद्र, नरेंद्र उर्फ टीटू व रिंकू को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह कंपनियों से अपने ट्रक में सरिया लोड कर साइटों पर पहुंचाते हैं। ट्रक में सरिया लोड करते समय वह गाड़ी का डीजल टैंक खाली रखते थे क्योंकि गाड़ी लोड होने के बाद कंपनी मालिक गाड़ी का वजन करते है। सरिया लोड होने के बाद वह रास्ते में अपनी गाड़ी से एक-एक कुंतल सरिया उतार कर उसे 38 रुपए किलो के हिसाब से बेच देते हैं। सरिया उतारने के बाद वह गाड़ी में 100 या 110 लीटर डीजल डलवा लेते थे इससे जहां माल उतरता था वहां कांटे पर वजन करने पर वजन पूरा आता था। इस कारण पार्टी को उन पर शक नहीं होता था। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह कचेडा गांव निवासी प्रमोद नागर को चोरी का सरिया बेचते थे। पैसों का लेन देन प्रमोद नागर ही करता था। वह पिछले काफी समय से गाड़ियों से सरिया चोरी करने की घटना को अंजाम दे रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी के सरिया सहित कैंटर व ट्रोला को कब्जे में ले लिया गया है और एमबी एक्ट के तहत उन्हें सीज कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**पिता का दोस्त...**

इसके बाद आरोपी ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसाकर उसे 129000 रुपए गूगल पे व पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए। कुछ देर बाद जब उसने अपने पिता से उक्त व्यक्ति के बारे में बात की तो पता चला कि वह इस नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते हैं। इसके बाद उसने जब उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला। ठगे जाने का एहसास होने पर उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

**यमुना एक्सप्रेसवे...**

लिए भिजवाया। सड़क हादसे में दोनों सगे भाइयों की मौत होने से परिवार व गांव में मातम पसर गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में मृतकों के परिजन ने हाईवा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने हाईवा को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश कर रही है।

वही बदायूं में सड़क हादसे में घायल हुए अतुल पुत्र सतवीर सिंह की कैलाश अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## खूंखार कुत्तों के पालने पर लग सकता है प्रतिबंध, नस्लें की चिन्हित

नई दिल्ली। भारत में विदेशी कुत्तों की नस्ले ज्यादा खूंखार हो जाती है। इंसानों के लिए खतरा बन रहे इन कुत्तों को लेकर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि ये कुत्ता भारत के क्लाउड में फिट नहीं हो पाते हैं आक्रमक होने लगते हैं। ऐसे कई हादसे हुए है जिसमें कुत्तों ने इंसानों को मार डाला।केंद्र सरकार ने सुझाव दिया है कि पिटबुल, रॉटविलर, टेरियर, वोल्फ डॉग, मास्टिफ्स जैसे विदेशी नस्ल के कुत्तों के आयात, ब्रीडिंग और उनकी बिक्री पर रोक लगा दी जाए। एक समिति की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने यह सलाह दी है। समिति का कहना है कि इन विदेश नस्लों के कुत्ते खतरनाक हैं और भारत की परिस्थितियों में उग्र हो जाते हैं। केंद्र की राय है कि इन कुत्तों के अलावा मिक्स और क्रॉस ब्रीड के अन्य कुत्तों पर भी रोक लगाई जाए। राज्यों को लिखे खत में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने स्थानीय निकायों से अपील की है कि क्रॉस ब्रीडिंग और विदेशी नस्ल के कुत्तों को लाइसेंस या परमिट जारी न करें। इन कुत्तों की बिक्री और ब्रीडिंग पर भी रोक लगाई जाए। दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर एनिमल वेलफेयर बॉडीज और एक्सपर्ट्स की एक कमिटी गठित की गई थी। डिपार्टमेंट का कहना है कि इन नस्लों के जिन कुत्तों को पहले से ही लोग रख रहे हैं, उनकी नसबंदी करानी होगी। ऐसा इसलिए ताकि उनकी नस्ल के और कुत्ते न पैदा हो सकें। क्रॉस, मिक्स्ड और विदेशी ब्रीड के जिन कुत्तों पर रोक की सिफारिश की गई है, उन कुत्तों में पिटबुल टेरियर,तोसा इनु,अमेरिकन स्टेफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलिरियो,डोगो अर्जेंटिनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोएसबोएल,कनगाल,सेंट्रल एशियन शेफर्ड, काकेशियन, शेफर्ड,साउथ रशियन शेफर्ड, टोनजैक, सरप्लानिनैक, जापानी तोसा ऐंड अकिता, मास्टिफ्स, रॉटलवियर, टेरियर, रोडेशियन रिजबैक, वोल्फ डॉग्स, कनारियो, अकबाश, मॉस्को गार्ड, केन कार्सो शामिल हैं।

## सीएए के खिलाफ हैं कमल हसन सहित दक्षिण के कई अभिनेता

नई दिल्ली। दक्षिण फिल्मों सहित हिंदी फिल्मों अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके कमल हसन सीएए का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जिस दिन सीएए लागू किया गया है उसे वे काला दिन मानते हैं। कमल हासन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'भारत के लिए एक काला दिन। धर्म-आधारित नागरिकता परीक्षण गणतंत्र की धर्मनिरपेक्ष संवैधानिक नींव के विपरीत है, और मैं इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक रूप से अपनी पूरी ताकत से लड़ूंगा।' यानी अब वे इस बिल के खिलाफ अपनी आवाज आगे भी उठाएंगे और उन्होंने इसके विरोध में कानूनी लड़ाई लड़ने का संकल्प भी ले लिया है। इससे पहले दूसरे तमिल स्टार थलापति विजय ने भी इस बिल के खिलाफ प्रतिक्रिया दी है। विजय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान में कहा, 'ऐसे माहौल में जहां देश के सभी नागरिक सामाजिक सद्भाव के साथ रहते हैं, भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) जैसे किसी भी कानून को लागू करना स्वीकार्य नहीं है।' इसके साथ ही थलापति विजय ने अपनी राज्य सरकार से अपील की है कि वो इसे किसी भी कीमत पर तमिलनाडु में लागू ना करें। एक्टर के इस पोस्ट कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। विजय अब पूरी तरह से राजनीति में एक्टिव हैं और वे कुछ एक प्रोजेक्ट के बाद फिल्मों से संन्यान ले लेंगे। बात अगर विजय के वर्कफ्रंट की करें तो पिछले साल उनकी फिल्म लियो आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब वे अपनी अगली फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में में धमाल मचाने वाले हैं। हाल ही में फिल्म का पोस्टर सामने आया है जिससे जाहिर होता है कि ये भी एक एक्शन थ्रिलर होने वाली है। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में सीएए लागू कर दिया है। जहां तमाम लोग इस बिल के पास होने का जश्न मना रहे हैं तो वहीं कई इसके खिलाफ बोल रहे हैं। विपक्षी पार्टियां खासकर इस फिल्म को सिरे से नकार रही हैं। वहीं कुछ ऐसे सेलिब्रिटी भी इस बिल के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं जो फिल्मों के साथ- साथ राजनीति में भी सक्रीय हैं।

## काला जठेड़ी को गृह प्रवेश के लिए नहीं मिली पैरोल...पत्नी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में

नई दिल्ली। गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी की दिल्ली में शादी हुई है। इसके लिए काला जठेड़ी को छह घंटे की परोल मिली थी। हालांकि डॉन को गृह प्रवेश के लिए भी बुधवार को तीन घंटों की परोल दी गई थी, इस बाद में वापस ले लिया गया है। इस लेकर अब डॉन की पत्नी अनुराधा चौधरी की प्रतिक्रिया आई है। अनुराधा ने कहा कि मेरा गृह प्रवेश नहीं हुआ है। इसके लिए मैं हाई कोर्ट में अर्जी लगा रही हूं। गृह प्रवेश केबाद ही संदीप के घर में घुसा जाएगा। कोर्ट ने बुधवार को सोनीपत के जठेड़ी गांव में गृह प्रवेश के लिए 3 घंटे की परोल दी गई थी, लेकिन सोनीपत पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देकर हाथ खड़े कर दिए थे। अनुराधा ने कहा है कि वे इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत का रुख करेंगी। इस लेकर अर्जी दाखिल की जाएगी। उधर, लोअर कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। यह देखना होगा कि कोर्ट का इस पर क्या रुख होता है?

## 105 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया, कांग्रेस को दो दिन में दो झटके

**-दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाने की याचिका खारिज की**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस को एक और झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी से बकाया 105 करोड़ रुपये की वसूली के लिए आयकर विभाग के नोटिस पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को आईटीएटी के आदेश को बरकरार रखा है। मंगलवार को भी हाईकोर्ट से कांग्रेस को झटका लगा था। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस को फटकार लगाकर पूछा था कि क्या तीन साल तक सो रहे थे। कांग्रेस ने इनकम टैक्स अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा उसकी अप्लीकेशन अस्वीकार करने को लेकर कोर्ट का रुख किया था। मंगलवार को ट्रिब्यूनल ने कांग्रेस को 105 करोड़ से ज्यादा के बकाए टैक्स की वसूली को लेकर नोटिस जारी किया था। मंगलवार को जस्टिस यशवंत वर्मा और पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा था कि क्या इनकम टैक्स अपीलीय ट्रिब्यूनल के आदेश में कोई खामी नहीं नजर आती है। कोर्ट ने गौर किया कि कांग्रेस के खिलाफ यह कार्रवाई साल 2021 में शुरू हुई थी। इस पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाकर पूछा कि क्या अभी तक सो रहे थे। बेंच ने कहा था कि इस मामले को बहुत ही गलत ढंग से हैंडल किया गया है।

## दिल्ली में धड़ल्लें से बेंची जा रही नकली कैंसर की दवा

**-दिल्ली पुलिस ने किया एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया है, इसमें दो आरोपी दिल्ली के बड़े कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कैंसर की कुल नौ ब्रांड्स की नकली दवाइयां बरामद की हैं। इसमें सात दवाइयां विदेशी ब्रांड्स की जबकि दो भारतीय ब्रांड की हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी कैंसर अस्पताल में मरीजों को कीमोथैरेपी में इस्तेमाल में लाने वाले इंजेक्शंस की खाली शीशी जुटाते थे, फिर उन शीशियों में एंटी फंगल दवा भरकर बेचते थे। आरोपियों के टारगेट पर दिल्ली के बाहर से आने वाले मरीज होते थे, खासकर हरियाणा, बिहार, नेपाल या फिर अफ्रीकी देशों से आने वाले मरीजों को वे अपना शिकार बनाते थे। जिन सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, परवेज, कोमल तिवारी, अभिनय कोहली और तुषार चौहान हैं। इसमें नीरज गुरुग्राम निवासी है, जबकि बाकी के छह दिल्ली के अलग अलग इलाकों के रहने वाले हैं। पुलिस के सीनियर अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम को जानकारी मिली है कि दिल्ली में एक गैंग सक्रिय है, जो कैंसर की नकली दवाइयां मरीजों को सप्लाई कर रहा है। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए एक स्पेशल टीम तैयार की गई। टीम को जांच में चार अलग-अलग जगह की जानकारी मिली, जहां से नेटवर्क को चलाया जा रहा था। पुलिस ने चारों जगह पर एक साथ छापेमारी की योजना बनाई ताकि आरोपियों को संभलने का मौका नहीं मिले। टीम ने डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स में छापेमारी की, जो इस रैकेट का सबसे महत्वपूर्ण ठिकाना था। पुलिस के मुताबिक यहां पर विफल जैन कैंसर की नकली दवाइयां को बनाता था। विफल ही इस पूरे गैंग का सरगना भी था। विफल ने डीएलएफ ग्रीन्स में दो ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स किराए पर ले रखे थे। यहां पर ये कैंसर की दवा की खाली शीशियों में नकली दवाई भर देता जबकि इसका साथी सूरज इन दोबारा भरी गई शीशियों को अच्छे तरीके से पैक करता था ताकि किसी को शक ना हो।

# आम चुनाव में मोदी की गारंटी को टक्कर देने आ गई कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी

**-गरीब महिला को एक लाख रुपये और नौकरी का वादा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 में वोटरों को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। जनाधार बढ़ाने की पुरजोर कोशिश में जुटे पार्टी आलाकमान ने महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। नारी न्याय गारंटी की घोषणा कर पार्टी सुप्रीमो मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी देश की आधी आबादी के लिए नया एजेंडा सेट करेगी।

खरगे ने कहा, कांग्रेस नारी न्याय गारंटी के तहत कांग्रेस 5 घोषणाएं कर रही है। उन्होंने गारंटियों के नाम भी गिनाए। पहली गारंटी-महालक्ष्मी गारंटी के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा आधी आबादी पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री और सावित्रीबाई फुले छात्रावास गारंटी का ऐलान भी किया गया। खरगे ने कहा कि कांग्रेस की महालक्ष्मी गारंटी के तहत हर गरीब परिवार की एक-एक महिला को सालाना एक लाख रुपये की मदद मिलेगी। दूसरी घोषणा-आधी आबादी पूरा हक के तहत केंद्र सरकार के स्तर पर होने वाली नई भर्तियों में आधे से ज्यादा पदों पर महिलाओं का अधिकार होगा।

तीसरी गारंटी- शक्ति का सम्मान के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र का योगदान दोगुना होगा। कांग्रेस की चौथी गारंटी- अधिकार मैत्री है। कांग्रेस इसके तहत महिलाओं के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास करेगी। हर पंचायत में एक पैरालीगल नियुक्त किया जाएगा। उनके अधिकारों की रक्षा के अलावा महिलाओं की मदद भी की जाएगी।

कांग्रेस ने जिस पांचवीं गारंटी का जिक्र किया है, इसमें शिक्षा पर फोकस करने का वादा किया है। सावित्रीबाई फुले छात्रावास गारंटी के तहत भारत सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए जिला मुख्यालयों पर कम से कम एक छात्रावास बनाएगी। देश भर में इन छात्रावासों की संख्या दोगुनी करने का वादा भी किया है।

गौरतलब है कि मंगलवार को कांग्रेस प्रमुख खरगे ने आदिवासियों से जुड़े छह संकल्पों की घोषणा की थी। खरगे ने कहा था कि उनकी पार्टी जल-जंगल और जमीन को बचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने आदिवासी लोगों के लिए कांग्रेस पार्टी के छह संकल्पों का भी जिक्र किया।

## उद्धव ठाकरे का तंज बोले- कश्मीरी पंडितों की बगैर वापसी के अधूरा है सीएए

मुंबई। सीएए लागू होते ही कई जगह से विरोध के स्वर उठे हैं तो वहीं विपक्षी नेता भी सरकार पर तंज कसते नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्र की एनडीए सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि जब कश्मीरी पंडितों की घर वापसी नहीं हो जाती है तब तक सीएए लागू करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने मंगलवार को कहा, देश में नया कानून सीएए लाया गया है। जो हिंदू, सिख, पारसी और जैन देश के बाहर डरे हुए हैं, उन्हें हमारे देश में लाया जाएगा। उन्हें जरूर लाया जाए, लेकिन यह सिर्फ एक चुनावी हथकंडा है।ठाकरे ने आगे कहा, जब मैं सीएम था, तो भाजपा देश में सीएए और एनआरसी का भूत लेकर आई थी। उस समय लोगों के मन में डर पैदा हो गया, खासकर असम के लोगों के मन में। इस कानून के खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं हैं। अभी कोर्ट का फैसला नहीं आया है, लेकिन उन्होंने सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उन्होंने कहा, धर्मों के बीच भेदभाव पैदा कर झगड़े और दंगे कराना चाहते हैं। आने वाले चुनाव में एक तरफ बीजेपी है जो धर्मों के बीच नफरत पैदा कर रही है और दूसरी तरफ देशभक्त इंडिया गठबंधन है। यह चुनाव देशभक्त बनाम नफरत करने वालों के बीच होने जा रहा है। अगर आप विदेशों से हिंदुओं को हमारे यहां लाना चाहते हैं तो पहले कश्मीरी पंडितों को वापस लाओ और फिर सीएए लाओ।इस मुद्दे पर एनसीपी ने भी सरकार की आलोचना की है। सीएए की अधिसूचना जारी होने पर एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, अगले हफ्ते जो कुछ भी होने वाला है, जाहिर तौर पर उसका संबंध लोकसभा चुनाव से होगा। उन्होंने अब तक इसे लागू क्यों नहीं किया? देश जानना चाहता है कि चुनावी बॉन्ड और पेटीएम में क्या हुआ। सच्चाई क्या है और इसके पीछे कौन है?

# नए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति हो या नहीं, सुप्रीम कोर्ट 15 मार्च को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को नए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से रोकने के लिए गैर-लाभकारी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। फरवरी में अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय चुनाव पैनल में दो रिक्तियों के बाद मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक, पांडे के इस्तीफे के बाद खाली हुए पद के लिए चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति की इस सप्ताह बैठक होने की संभावना है।

नए कानून के तहत चयन पैनल में प्रधान मंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और विपक्ष के नेता इसके सदस्य हैं। पिछले साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने एक रिट याचिका के जवाब में निर्देश दिया था कि मुख्य चुनाव आयुक्तों और अन्य ईसी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष या सदन में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता की समिति द्वारा दी गई सलाह के आधार पर की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 में सीजेआई के स्थान पर एक केंद्रीय मंत्री को नियुक्त किया गया, इस कदम को आलोचक देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की देखरेख करने वाले निगरानीकर्ता को नियंत्रित करने के सरकार के प्रयास के रूप में देखते हैं।

चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करने की उम्मीद से कुछ दिन पहले, अरुण गोयल ने पिछले शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया, यह मोदी सरकार के तहत किसी चुनाव आयुक्त द्वारा दिया गया दूसरा इस्तीफा है। अशोक लवासा ने अगस्त 2020 में चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग द्वारा लिए गए विभिन्न आदर्श आचार संहिता उल्लंघन निर्णयों पर असहमति जताई थी।

## सीएए पर झूठ फैलाना बंद करें विरोधी दल... किसी की नागरिकता या नौकरी नहीं जाएगी

**-पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने केजरीवाल और ममता की आलोचना की**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लागू करने को लेकर मोदी सरकार की आलोचनाओं के बीच बीजेपी ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे इस कानून के बारे में झूठ फैलाकर सांप्रदायिक भावनाएं भड़का रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना कर कहा कि यह कानून किसी भारतीय की नागरिकता या फिर नौकरी नहीं छीनता है।

केजरीवाल के दावे के संदर्भ में कि केंद्र की भाजपा सरकार भारतीयों को नौकरी नहीं दे सकती, लेकिन पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आने वालों को देना चाहती है, भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि आप नेता ने बहुत अजीब बयान दिया है। यह कानून उन अल्पसंख्यकों के लिए है जिन्हें तीन देशों में उनके धार्मिक विश्वास के कारण सताया गया। उन्होंने कहा कि ये लोग भारत में कठिन जीवन जी रहे हैं और क्या उन्हें नागरिकता देने में देश नैतिक, सांस्कृतिक और संवैधानिक रूप से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि सीएए नागरिकता देने के लिए है और यह किसी की नागरिकता नहीं छीनता है। प्रसाद ने कहा कि विपक्षी दल यह दुष्प्रचार क्यों फैला रहे हैं। साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या वे रोहिंग्याओं के समर्थन में खड़े होंगे। उन्होंने कहा, जो लोग सीएए के नाम पर सांप्रदायिक भावनाएं भड़का रहे हैं, मैं उनसे कहूंगा कि वे इसके बारे में झूठ फैलाना बंद करें। प्रसाद ने दावा किया कि बनर्जी की जमीन खिसक रही है, इसकारण वे सीएए के मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने के लिए मजबूर हैं।

उन्होंने केरल और तमिलनाडु के राजनीतिक दलों से अपील की कि वे नफरत फैलाना बंद करें। उन्होंने दावा किया कि आलोचकों के पास कानून के खिलाफ कोई तर्क नहीं है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधकर कहा कि इन सभी का राजनीतिक आधार डूब रहा है। प्रसाद ने कहा कि भारत ने एक देश के तौर पर अपनी सभ्यतागत विरासत और संवैधानिक दायित्वों के कारण तीनों देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को सीएए के तहत संरक्षण प्रदान किया है।

## हाईकोर्ट का मराठा आरक्षण पर अंतरिम रोक से इनकार, राज्य को हलफनामा देने का निर्देश

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार के हालिया मराठा आरक्षण अधिनियम पर तत्काल अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस आरक्षण के खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से अंतिम सुनवाई और उनकी याचिकाओं के निपटारे तक अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने कहा कि किसी कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले मामलों में संवैधानिकता का एक सिद्धांत है और इसलिए सभी तर्कों को उचित महत्व दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

पीठ ने कहा कि हम राज्य को अंतरिम राहत पर जवाब देने के लिए कुछ समय देना चाहते हैं। यह निर्णय एक साधारण प्रशासनिक आदेश नहीं है। यह एक कानून है। इसलिए हमें कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते समय निर्धारित सिद्धांतों को ध्यान में रखना होगा। अनुमानित संवैधानिकता का भी एक सिद्धांत है। हमें सभी तर्कों को उचित महत्व देना होगा। पीठ ने कहा कि मराठों को आरक्षण देने का महाराष्ट्र सरकार का कदम एक कानून में निहित है न कि किसी प्रशासनिक आदेश में और राज्य को याचिकाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए समय चाहिए। पीठ ने राज्य सरकार को मराठा समुदाय को नौकरियों और शिक्षा में अलग से 10 प्रतिशत कोटा देने वाले हाल ही में लागू कानून के कार्यान्वयन पर अंतरिम राहत की मांग करने वाली याचिकाओं के जवाब में एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि अंतरिम राहत देने के मुद्दे पर हम 10 अप्रैल को याचिकाओं पर सुनवाई करेंगे।

## राज्यपाल ने सीएम ममता को दिया सुझाव कहा- बोलने से पहले सीएए का अध्ययन कर लें

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सीएम ममता बनर्जी को सलाह दी कि वह इस पर कोई भी टिप्पणी करने से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के ब?योरे का अध्ययन कर लें और समझ भी लें। मुख्यमंत्री द्वारा सीएए की कानूनी पवित्रता पर सवाल उठाने पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस अधिनियम में एक महत्वपूर्ण कानूनी पहलू है, जिसका उद्देश्य देश को विभाजित करना नहीं, बल्कि भारत को एकजुट करना है।

राज्यपाल ने कहा, मैं अपनी संवैधानिक सहयोगी, मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि वे पहले अधिनियम के विवरण का अध्ययन करें और समझें, उसके बाद ही इस पर टिप्पणी करें। उन्होंने कहा कि सीएए दिसंबर 2019 में संसद के पटल पर पारित किया गया था और सोमवार को इसे कानूनी प्रावधानों के अनुसार लागू करने के लिए एक अधिसूचना जारी की गई थी। राज्यपाल ने कहा, यह कानूनी वास्तविकताओं के साथ-साथ सुशासन को भी दर्शाता है। मंगलवार को उत्तर 24 परगना जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ममता ने सीएए पोर्टल पर नामांकन के खिलाफ चेतावनी जारी करते हुए कहा कि आवेदक अंततः अपना सब कुछ खो सकते हैं।मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी, जब पोर्टल पर आवेदन करेंगे, तो आप वास्तविक नागरिक से अवैध प्रवासी बन जाएंगे और एक बार जब आप अवैध प्रवासी बन गए, तो आपकी संपत्ति और पेशे का क्या होगा? आपको डिटेंशन कैंप में भेज दिया जाएगा, इसलिए आवेदन करने से पहले दो बार सोचें। हालांकि, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को गुमराह करने के लिए अनावश्यक रूप से इसे एक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही हैं।

# जम्मू-कश्मीर में बदला मौसम, गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी, 14 मार्च तक गीला मौसम रहने की संभावना

**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट गुलमर्ग में एक बार फिर ताजा बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई है क्योंकि ताजा पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को प्रभावित किया है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और अन्य इलाकों में आज दोपहर तक बीच-बीच में धूप देखने को मिली, जिसके बाद गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे कई स्थानों पर पारा नीचे आ गया। हालांकि, आज शाम श्रीनगर और अन्य इलाकों में बारिश हुई।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण आज बारिश और बर्फबारी हुई है, जिससे जम्मू-कश्मीर प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में एक और चक्रवात जम्मू-कश्मीर को प्रभावित कर रहा है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ. मुख्तार अहमद ने बताया कि कल 12 मार्च को आंशिक रूप से लेकर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे जबकि 13 मार्च को तेज हवाओं के साथ गरज-चमक के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 14 मार्च को मौसम आंशिक रूप से लेकर आमतौर पर बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। बहरहाल, उन्होंने बताया कि 15 मार्च से 20 मार्च तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

मौसम विज्ञानियों ने पूर्वानुमान के मद्देनजर एक सलाह भी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि पहाड़ी इलाकों में जनता को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों और ढलान वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी जाती है, और उनसे हिमस्खलन की चेतावनियों और सलाह का पालन करने की अपील की जाती है। इसके अलावा, किसानों को कृषि कार्यों को फिर से शुरू करने की सलाह दी गई है।

हालिया बर्फबारी के बाद, जम्मू और कश्मीर के बडगाम जिले में दूधपथरी 12 मार्च को एक आश्चर्यजनक शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया, जिसने प्रकृति प्रेमियों और टट्टू सवारों को समान रूप से आकर्षित किया। सुरम्य परिदृश्य ने आगंतुकों को बर्फ से ढके इलाके का पता लगाने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। बर्फबारी के बाद टट्टू की सवारी गतिविधियों की मांग बढ़ गई क्योंकि पर्यटक दूधपथरी की शांत सुंदरता में डूबने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय टट्टू संचालकों ने इस उत्साहजनक गतिविधि का अनुभव करने के लिए आगंतुकों की आमद को पूरा करते हुए व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि देखी।

एएनआई से बात करते हुए एक स्थानीय ने कहा, %यहां चार गांव हैं और हमारी आय पर्यटन पर निर्भर है। बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं तो हमारी आय बढ़ती है। उन्हें सवारी पर छूट भी मिलती है। एक अन्य स्थानीय ने कहा, ÷बर्फबारी के बाद हमारी आय बढ़ गई है। हम पर्यटकों को दूधपथरी ले जाते हैं और उन्हें पांच से छह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दिखाते हैं।÷ अनुभव के बारे में बात करते हुए एक पर्यटक ने कहा, ÷घुड़सवारी का अनुभव अद्भुत था। कार से यात्रा करने के लिए यह बहुत कठिन इलाका है; इसलिए घोड़े सबसे अच्छे विकल्प हैं। यह एक अद्भुत एहसास है।

# 400 पार के नारे पर खटटर बन रहे थे रोड़ा... भाजपा ने हटकर सोशल इंजीनियरिंग पेश की


**-जजपा को अलविदा कहकर जाट वोट को तोड़ दिया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में पहले हरियाणा की सियासत में हुए बड़े बदलाव ने सभी को हैरान किया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर को सीएम पद से हटाने और जजपा के साथ गठबंधन तोड़कर अपना रास्ता आसान किया है। भाजपा के विश्वस्त सूत्रों की मानें, तब हरियाणा की मौजूदा परिस्थितियों में पांच लोकसभा सीटों पर पार्टी को असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के जुड़े सूत्रों की माने तब प्रधानमंत्री मोदी का नारा, अबकी बार 400 पार की राह में मुख्यमंत्री खट्टर को लेकर विरोधी लहर एक बड़ी बाधा बन रही थी। नतीजा, भाजपा को पिछड़े समुदाय के नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर नई सोशल इंजीनियरिंग का सहारा लिया है।

सूत्रों के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर के कार्यकाल को लेकर केंद्रीय नेतृत्व ने कई एजेंसियों के द्वारा सर्वे रिपोर्ट तैयार कराई थी। प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर प्रदर्शन को लेकर नतीजे वे उत्साहवर्धक नहीं थे। खासकर से रोहतक, हिसार और सोनीपत की लोकसभा सीट पर भाजपा की राह मुश्किल थी। इसके अलावा भिवानी-महेंद्रगढ़ और सिरसा लोकसभा क्षेत्र, ये दोनों सीटें भी पार्टी के लिए आसान नहीं बताई जा रही। जो रिपोर्ट तैयार हुई, उसमें खटटर ने जिस सख्ती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई, उससे प्रदेश में कुछ समुदाय असहज महसूस कर रहे थे। इसमें जाट समुदाय पहले नंबर पर था। लोगों की यह शिकायत रही कि खट्टर उनके साथ, वैसे नहीं मिलते थे, जैसे पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा मिलते रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि खट्टर के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में योजनाओं को त्वरित गति से लागू किया गया। प्रदेश में कई सेवाओं को ऑनलाइन किया गया। खट्टर के अलावा कैबिनेट मंत्री, विधायक और आम जन भी यह बात स्वीकार करते रहे हैं कि प्रदेश में नौकरी देने में पूर्ण ईमानदारी बरती गई है। हरियाणा की सियासत पर नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र सैनी बताते हैं, इस बात पर बहुत से लोग सहमत हैं कि खट्टर के कार्यकाल के दौरान खर्ची और पर्ची का दौर बंद हो गया था। नियुक्तियों में सभी वर्गों के युवाओं का प्रतिनिधित्व था। खट्टर के कार्यकाल में शिक्षकों के तबादले एक क्लिक पर होने लगे। शिक्षकों को किसी से अप्रोच नहीं करानी पड़ती। वे घर बैठे बिठाए ही अपने जिले व स्कूल का चयन करते हैं। नियमों के अनुसार, उन्हें नई पोस्टिंग मिल जाती है।

हालांकि इसके बीच मुख्यमंत्री को लेकर यह बात कही गई कि उनकी आम जनता से दूरी बढ़ती जा रही है। 2024 का लोकसभा चुनाव आते-आते वह दूरी एंटी इनकम्बेंसी में बदल गई। भाजपा नेतृत्व ने इस बात को समझा और दो बड़े निर्णय ले लिए। पहला, जजपा से गठबंधन तोड़ा और दूसरा, खट्टर की जगह पर नायब सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, प्रदेश की राजनीति जाट और गैर जाट वोटरों के बीच घूमती रही है। पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर भी गैर जाट समुदाय से आते हैं और वर्तमान सीएम भी इसी समुदाय से आते हैं। फर्क इतना है कि खट्टर, जिस पंजाबी समुदाय से हैं, वह सामान्य वर्ग में आता है। नायब सैनी, पिछड़े वर्ग से आते हैं। यहां पर भाजपा ने अपनी सोशल इंजीनियरिंग को नए रूप में पेश किया है।



प्रदेश में जाट समुदाय की आबादी करीब 25 फीसदी है। पंजाबी समुदाय आठ फीसदी, ब्राह्मण साढ़े सात फीसदी, मुस्लिम साढ़े तीन फीसदी और गुर्जर समुदाय भी तीन फीसदी से अधिक हैं। इनके अलावा वैश्य समुदाय की आबादी भी लगभग पांच फीसदी है। यादव समुदाय भी पांच फीसदी से अधिक है। सैनी समुदाय करीब तीन फीसदी है। हरियाणा में अनुसूचित जाति की आबादी का प्रतिशत 20.2 से अधिक है। भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन तोड़कर जाट वोटरों को विभाजित करने का प्रयास किया है। अगर भाजपा और जजपा का गठबंधन जारी रहता, तब लोकसभा चुनाव में जाट समुदाय का बड़ा हिस्सा, कांग्रेस के पक्ष में जा सकता था। इससे चुनावी समीकरण बिगड़ने की आशंका थी। इसकारण भाजपा ने लोकसभा चुनाव की दहलीज पर जजपा से नाता तोड़ लिया।

## एफआईएच विश्व रैंकिंगः भारतीय पुरुष हॉकी टीम चौथे, महिला टीम नौवें स्थान पर खिसकी

**नई दिल्ली ।** एफआईएच विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एक स्थान के नुकसान के साथ ही चौथे जबकि महिला टीम 9वें स्थान पर खिसक गयी है। जर्मनी की टीम ओलंपिक क्वालीफायर्स में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 2761 रैंकिंग अंक हैं। उसने पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह बना ली है। इस कारण उसे ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग नहीं लेना पड़ा। वहीं जर्मनी की टीम ओमान में खेले गए ओलंपिक क्वालीफायर्स में सभी मैच जीतकर 2786 अंक हासिल करने में सफल रही है। इससे वह विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम से आगे हो गयी है। वहीं नीदरलैंड 3060 अंक लेकर नंबर एक पर बनी हुई है। बेल्जियम 2848 अंक लेकर दूसरे जबकि जर्मनी, भारत और ऑस्ट्रेलिया के 2757 अंक हैं। वहीं इंग्लैंड के 2720 अंक हैं और वह 5 वे स्थान पर है। अर्जेंटीना 2524 अंक और स्पेन 2296 अंक लेकर पहले की तरह ही 7वें और 8वें स्थान पर बने हुए हैं। फ्रांस के भी 2085 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड के 2025 अंक हैं। वहीं महिला वर्ग में भारतीय टीम 2215 अंक के साथ 9वें स्थान पर है। महिला वर्ग में नीदरलैंड 3422 लेकर नंबर एक पर है जबकि अर्जेंटीना 2827 अंक के साथ ही दूसरे नंबर पर है। जर्मनी 2732 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है।

# बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने गाजियाबाद में क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया

**गाजियाबाद ।**



भविष्य में गाजियाबाद में भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच खेले जाएंगे। इसके लिए यहां एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी बनाया जाएगा। इस स्टेडियम का शिलान्यास भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा विकसित की जाने वाली एक परियोजना की आधारशिला भी रखी। स्टेडियम के निर्माण में देरी का कारण क्षेत्र में हाई टेंशन बिजली के तारों और खंभों को बताया गया है। शुक्ला ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में कोई स्टेडियम नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने इस पर नाराजगी जतायी कि जमीन खरीदने और रजिस्ट्री कराने के बाद भी विभाग ने दो बिजली लाइनें लगा दी गईं थीं। यह क्षेत्र उड़ान क्षेत्र में भी पड़ता है, इसलिए भारतीय वायुसेना से भी इस योजना की मंजूरी देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि मैं स्टेडियम के शिलान्यास पर यूपी के लोगों को बधाई देता हूं। साथ ही कहा कि इसका निर्माण शीघ्र ही पूरा हो जाएगा।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि 450 करोड़ रुपए की परियोजना लागत वाला ये स्टेडियम 32 एकड़ क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इसमें एक समय में 55,000 लोग बैठ सकेंगे। स्टेडियम का निर्माण अगले दो साल यानी 2026 तक पूरा होने की संभावना है। जरूरत और आधुनिकता को देखते हुए पिछले 9 साल में प्रोजेक्ट के बजट में करीब 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। प्रारंभ में, परियोजना की लागत 350 करोड़ रुपए तय की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 450 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

# भारत पेरिस ओलंपिक में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है किशोर जेना

**चंडीगढ़,**

उभरते भाला फेंक स्टार किशोर कुमार जेना, जो मई में दोहा में डायमंड लीग से अपने आउटडोर सीज़न की शुरुआत करेंगे, ने कहा है कि वह नीरज चोपड़ा को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखते हैं। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल अब 130 दिन से कुछ अधिक दूर हैं और जेना ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ इसे देश के लिए यादगार बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। जेना, जो वर्तमान में पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में प्रशिक्षण ले रहे हैं, ने कहा, भारत पेरिस में एक से अधिक भाला फेंक पदक जीत सकता है। पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स मीट में नीरज चोपड़ा के साथ आमने-सामने होने के बाद से जेना सुर्खियां बटोर रहे हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में पहली बार, चोपड़ा और किशोर कुमार जेना ने हांगझोउ 2023 में भाला फेंककर इसे एक-दो कर दिया। पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के बाद, जेना को लगता है कि भाला फेंक में पदक की संभावनाएं केवल चोपड़ा तक ही सीमित नहीं हैं। नियम के अनुसार, भाला फेंक में एक देश से तीन खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इससे पेरिस में अधिक पदक जीतने की संभावना बढ़ जाती है। जेना ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से कहा, हम सभी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगर हम चोट मुक्त रह सकते हैं, तो भारत टोक्यो से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। जेना, जो ओडिशा के पुरी जिले के एक किसान परिवार से आते हैं, पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में एक एक्सपोज़र ट्रिप के लिए गए थे, जहाँ उनके साथ लंबे समय के कोच समरजीत सिंह माल्ही भी थे। उन्होंने अपनी कोर और कंधे की ताकत को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की वेट ट्रेनिंग की। यह पूछे जाने पर कि वह दोहा प्रतियोगिता में क्या लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं और अपने प्रतिद्वंद्वी नीरज चोपड़ा के बारे में क्या कहना चाहते हैं , जेना ने कहा, मैंने अब तक इसके (90 मीटर) बारे में नहीं सोचा है। मेरा लक्ष्य अपने परिणामों में सुधार करना और अपनी कमजोरियों पर काबू पाना है। मैं नीरज से सुझाव लेता रहता हूं. मैं उन्हें अपने प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखता. जब भी मुझे कोई समस्या आती है तो मैं उनकी सलाह लेता हूं क्योंकि वह उन सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं जिनसे मैं कभी मिला हूं। जब सही सुझाव देने की बात आती है तो वह पीछे नहीं हटते। हांग्जो एशियाई खेलों के दौरान, चोपड़ा के लिए थोड़ा डर था क्योंकि अधिकारियों ने उनके पहले अच्छे



थ्रो पर विचार नहीं किया था। बाद में, जेना ने 87.54 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चोपड़ा को अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित किया। ओलंपिक चैंपियन अंततः अपने स्वर्ण पदक की रक्षा के लिए 88.88 मीटर के विशाल थ्रो के साथ आए।

जेना को रजत पदक मिला और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया। उस समय मुझे खुशी थी कि मैंने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

# वापसी को लेकर उत्साहित और घबराया हुआ हूं : ऋषभ

**नई दिल्ली ।**

आईपीएल से वापसी करने जा रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह पदार्पण करने जा रहे हों। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बल्लेबाज को फिट करार देते हुए कहा कि वह आईपीएल खेल सकते हैं। साथ ही कहा कि उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऋषभ दिसंबर 2022 में एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। उसके बाद उन्हें सर्जरी से भी गुजरना पड़ा है। सवा साल बाद मैदान पर वापसी करने जा रहे इस क्रिकेटर ने कहा, मैं उत्साहित और घबराया हुआ हूं। ऐसा लग रहा है कि जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं।उन्हें चोट से उबरने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में पुनर्वास और पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ा है। इस क्रिकेटर ने कहा, मैं जो कुछ झेल चुका हूं उसके बाद फिर से क्रिकेट खेलने में सक्षम होना आसान नहीं है। मैं अपने सभी शुभचिंतकों और प्रशंसकों के साथ ही बीसीसीआई और एनसीए के कर्मचारियों का आभारी हूं। उनके प्यार और समर्थन से ही मुझे वापसी में सहायता मिली है। दिल्ली कैपिटल्स प्री-सीजन कैंप में शामिल होने पर इस क्रिकेटर ने कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी का बेसब्री से



इंतजार कर रहा हूं। ये एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका मैं बहुत आनंद लेता हूं। हमारी टीम के मालिक और सहयोगी स्टाफ पूरे समर्थन के साथ मेरे साथ रहे हैं। हर कदम पर मार्गदर्शन और सहयोग मिला, जिसके लिए मैं उनका दिल से आभारी हूं। मैं अपने डीसी परिवार के साथ फिर से जुड़ने और प्रशंसकों के सामने फिर से खेलने का इंतजार नहीं कर सकता।

# अफगानिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय में आयरलैंड को हराकर सीरीज जीती

**शारजाह ।**

अफगानिस्तान ने यहां हुए तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आयरलैंड को 117 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही अफगानिस्तान टीम ने सीरीज भी 2-0 से जीत ली है। इस सीरीज का एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इस मैच में अफगान टीम की जीत में मोहम्मद नबी की अहम भूमिका रही। नबी ने कुल पांच विकेट लिए। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड टीम ने अफगान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज़ और इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की गुरबाज ने 51 रन जबकि जादरान ने 22 रन बनाये।




सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाहिदी ने 69 रन बनाकर पारी को संभाला। शाहिदी के बाद नबी ने 48 रन बनाये। इस प्रकार अफगान टीम ने नौ विकेट पर कुल 236 रन बनाये। वहीं आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने तीन विकेट जबकि बैरी मैक्कार्थी ने 2 विकेट लिए। वहीं इसके अलावा थियो वान वोर्कोम, एंडी मैकब्राइन और हैरी टेक्टर ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद जीत के लिए मिले 237 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में आयरिश टीम सफल नहीं रही। नबी के पांच विकेट और नांग्याल खरोती के चार विकेट की सहायता से अफगानिस्तान ने आयरिश टीम को 35 ओवर में ही 119 रनों पर आउट कर दिया।

# ऋषभ आने वाले समय में देश को गौरव बढ़ाएगा : धवन

### सकारात्मक रवैये और कड़ी मेहनत से ही वापसी संभव हुई

**नई दिल्ली ।**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि आने वाले समय में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत देश का नाम रौशन करेंगे। धवन ने कहा कि भीषण कार हादसे से उबरकर जिस प्रकार से ऋषभ ने फिटनेस हासिल की है। उससे उसके सकारात्मक रवैए का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी कारण अब वह आईपीएल से मैदान पर वापसी कर रहा है। धवन ने कहा कि कार हादसे के बाद हुई सर्जरी के कारण उसे इतना दर्द था कि वह कुछ महीनों तक कुछ नहीं कर पाता था। इसके बाद भी उन मुश्किल दिनों में उसने काफी धैर्य बनाये रखा। इसके साथ ही सकारात्मकता और सहनशीलता दिखाई जिससे आज वह ठीक हो पाया है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित तौर पर उसे ताकत मिली और मुझे पूरा भरोसा है कि वह चलकर देश का नाम और रोशन करेगा। साथ ही कहा कि मैं इस युवा की वापसी से बेहद खुश हूं और उसे खेलते हुए देखना चाहता हूं।

भगवान की कृपा से वह इतनी बड़ी दुर्घटना से उबरने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने कड़ी मेहनत की और सकारात्मक रवैया अपनाये रखा। इस युवा को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए फिट घोषित कर दिया गया है, जिसमें वह दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेगा। चोटिल होने के कारण वह दिसंबर 2022 से ही मैदान से बाहर था।

साथ ही कहा कि उसके यह आईपीएल बेहद खास रहेगा क्योंकि इसमें प्रदर्शन के आधार



पर ही बीसीसीआई आगामी टी20 विश्व कप के लिए उसे टीम में जगह देने पर फैसला कर सकता है। टी20 विश्व कप में विकेटकीपिंग के लिए केएल राहुल, ईशान किशन, संजू सैमसन भी दावेदार हैं पर इसके बाद भी ये बल्लेबाज दावेदारी में पीछे नहीं है।

## खास खबर



## आईसीसी रैंकिंग : अश्विन एक बार फिर बने नंबर वन

**दुबई ।** भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की ताजा गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। अश्विन पहली बार दिसंबर 2015 में नंबर वन बने थे। अश्विन को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। अश्विन ने अंतिम टेस्ट में नौ विकेट लिए हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पहली पारी में चार जबकि दूसरी में पांच विकेट लिए थे। इस मैच के साथ ही सीरीज में जीत से भारतीय टीम भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। अश्विन के शीर्ष पर पहुंचने के साथ ही भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। वहीं स्पिनर कुलदीप यादव अंतिम मैच में सात विकेट लेने के साथ ही 15 स्थान के लाभ के साथ ही 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर जबकि शुभमन गिल 11 स्थान के लाभ के साथ ही अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दो दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। सलामी बल्लेबाज, जायसवाल ने नौ टेस्ट के बाद 740 रेटिंग अंक हासिल किये हैं। इससे पहले केवल दो बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलियाई डॉन ब्रैडमैन 752 और माइक हसी 741 को इतने रेटिंग अंक मिले थे। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली और जॉनी बेयरस्टो बल्लेबाजी रैंकिंग में एक-एक पायदान ऊपर आये हैं। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर 11 पायदान आगे बढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड पर 2-0 से श्रृंखला जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया।

## कनेरिया ने सीएए लागू होने पर खुशी जतायी

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भारत सरकार के सीएए कानून को लागू करने का समर्थन किया है। इसके तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता मिलने में आसानी होगी। कनेरिया ने कहा कि वह भी इससे काफी खुश हैं। कनेरिया ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया है। भारत सरकार के इस कदम की तारीफ करते हुए इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हर किसी को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को वह धन्यवाद देते हैं। कनेरिया ने कहा, यह अच्छी बात है, इससे सभी को लाभ होगा। मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बहुत अच्छा कदम उठाया। यह अल्पसंख्यकों और हिंदुओं के लिए बहुत अच्छा कदम है। साथ ही कहा कि एक हिंदू और सनातनी होने के नाते, अपने लोगों के लिए आवाज उठाना मेरा कर्तव्य है। साथ ही कहा कि मेरा भगवान हनुमान और भगवान राम के साथ गहरा संबंध है।



## जोकोविच बीएनपी परिबास ओपन में उलटफेर का शिकार हुए , लुका नार्डी ने हराया

### महिला वर्ग में गॉफ ,सबालेंका जीती

**इंडियन वेल्स ।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच यहां जारी बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में उलटफेर का शिकार हुए हैं। युवा खिलाड़ी लुका नार्डी ने जोकोविच को तीसरे दौर में ही तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-3 से हरा दिया। नार्डी ने ऐस के साथ जीत हासिल की। नार्डी को मुख्य ड्रॉ में विश्व के 30वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस मार्टिन एचवेरी की जगह शामिल किया गया था। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। नार्डी अब ग्रैंडस्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर के टूर्नामेंट में जोकोविच को हराने वाले सबसे अधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले साल 2008 में विश्व के 122वें नंबर के खिलाड़ी केविन एंडरसन ने जोकोविच को हराया था। वहीं महिला एकल में कोको गॉफ ने लूसिया ब्रोनजेटी को सीधे सेट में 6-2, 7-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। गॉफ ने इस प्रकार 11 में से 10 ब्रेक अंक बचाये हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु को 6-3, 7-5 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी। वहीं पुरुष वर्ग में सातवें वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 7-6 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी और दूसरे दौर में चोट के कारण मिलोस राओनिक के हटने पर उन्हें तीसरे दौर में प्रवेश मिला।

## टी20 विश्वकप के लिए विराट की जगह किसी युवा को मिल सकता है अवसर

**मुम्बई ।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्वकप में शायद ही खेल पायें। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई विश्वकप के लिए टीम सदस्यों की जो पहली सूची भेजने जा रही है उसमें विराट का नाम नहीं है। प्रत्येक विश्व कप से पहले सभी प्रत्येक क्रिकेट बोर्डों को टीम सदस्यों की एक सूची आईसीसी को देनी होती है जिसमें काफी कम बदलाव होता है। ऐसे में अगर विराट का नाम इस लिस्ट में नहीं हुआ तो उनके लिए अंतिम सूची में जगह बनाना कठिन हो जाएगा। टी20 विश्व कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें विराट की जगह किसी युवा खिलाड़ी को अवसर मिल सकता है। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ताओं का मानना है कि कोहली टी20 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं , ऐसे में उन्हें शामिल किया जाना ठीक नहीं रहेगा हालांकि अगर कोहली आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं तो उनके नाम पर विचार हो सकता है। वह वैसे भी पिछले कुछ समय से खेल से दूर हैं। विराट निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से भी बाहर रहे हैं। ऐसे में उनकी वापसी आईपीएल में उनके प्रदर्शन के आधार पर ही रहेगी। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने भी विराट से बात की है। माना जा रहा है कि विराट की जगह पर बोर्ड किसी युवा खिलाड़ी को अवसर देना चाहता है।




## धर्मशाला टेस्ट में बेयरस्टो की शुभमन से बहस मेरे कारण हुईः एंडरसन

**मुम्बई ।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जिम्मी एंडरसन ने कहा है कि धर्मशाला टेस्ट के दौरान जॉनी बेयरस्टो की भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल से बहस हुई थी। साथ ही कहा कि इसका कारण मैं था। इसका कारण ये है कि शुभमन ने उन्हें रिटायर होने के लिए कह दिया था। इसपर बेयरस्टो नाराज हो गये थे। एंडरसन ने माना कि पहले उन्होंने बहस शुरु की थी। एंडरसन ने टेस्ट सीरीज के दौरान ही अपने 700 विकेट भी पूरे किये हैं। इंग्लैंड की टीम को इस सीरीज में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। एंडरसन ने कहा कि मैंने उनसे कुछ ऐसा कहा कि क्या आप भारत के बाहर कोई रन बनाते हैं? और उन्होंने मुझसे कहा कि यह संन्यास लेने का समय है। फिर दो गेंद बाद मैंने उसे आउट कर दिया। बता दें कि टेस्ट फॉर्मेट में शुभमन की भारत में औसत 40 जबकि विदेशों में केवल 30 है। बेयरस्टो ने सबसे पहले शुभमन से पूछा था कि आपने एंडरसन से रिटायर होने के बारे में क्या कहा? इस पर शुभमन ने कहा, मैंने उनसे कहा कि उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए। इसपर बेयरस्टो ने भी शुभमन से कहा कि सीरीज में वह अधिक शतक नहीं लगा पाये।





## साई धर्म तेज ने खुद का प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया


साई धर्म तेज ने हाल ही में अपने नए प्रोडक्शन हाउस, अपनी शॉर्ट फिल्म और अपना नाम बदलने के बारे में बात करने के लिए हैदराबाद में एक प्रेस मीट आयोजित की। अभिनेता ने मीडिया के सामने खुलासा किया कि उन्होंने अपना नाम बदल लिया है। साथ ही उन्होंने इसके पीछे का कारण भी साझा किया है।

### साई धर्म तेज ने बदला नाम

सबसे पहले, अभिनेता ने घोषणा की कि वह अपनी मां का नाम अपने मध्य नाम के रूप में ले रहे हैं और अब से वह खुद को साई दुर्गा तेज कहलाना पसंद करेंगे। अभिनेता ने यह घोषणा शिवरात्रि और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत के दौरान की। शनिवार को, अभिनेता ने एक और एलान में बताया कि वह अपनी मां के नाम पर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस लॉन्च कर रहे हैं।


### प्रोडक्शन हाउस किया लॉन्च

अपनी खुशी जाहिर करते हुए साउथ अभिनेता ने कहा, जब से मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया, मैं अपनी मां के नाम पर एक प्रोडक्शन हाउस स्थापित करना चाहता था। मेरी मां हमेशा मेरे साथ रहें, इसलिए मैं अपना नाम बदलकर साई दुर्गा तेज रख रहा हूं। उन्होंने अपने जीवन की तीन महत्वपूर्ण महिलाओं के बारे में बात करते हुए प्रेस को बताया, मेरी दादी अंजना देवी, मेरी मां और छोटी बहन माधवी मेरी खुशी का सबसे बड़ा स्रोत है।



## रवीना टंडन की फिल्म 'पटना शुक्ला' 29 मार्च को होगी रिलीज

रवीना टंडन स्टारर फिल्म 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म में रवीना पहली बार वकील की भूमिका में नजर आएंगी। 'पटना शुक्ला' का ट्रेलर सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। सलमान ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा- रवीना का पटना शुक्ला के रूप में स्वागत करिए। ट्रेलर में रवीना वकील की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में उनका नाम तनवी है। वो घर में आए मेहमानों को पकौड़े तलकर खिलाती हैं, तभी मेहमानों को ये पता चलता है कि वो वकील भी हैं। लेकिन वकालत में खुद को अभी तक साबित नहीं कर पाई हैं। अब तनवी को नया केस मिला है। उनके पास एक लड़की अपना केस लेकर आती है और कहती है कि वो एग्जाम में फेल हो गई है और अपनी एग्जॉम कॉपी रिचेक करवाना चाहती है। वो कहती है कि वो बीएससी थर्ड ईयर की स्टूडेंट है। एग्जाम तो बहुत अच्छा हुआ लेकिन रिजल्ट फेल आया। रवीना इस लड़की का केस लेती है। इस फिल्म में वो अन्याय से दबी आवाज को न्याय दिलाने का काम करेंगी। तनवी रोल नंबर स्कैम केस लड़ती नजर आएंगी। ये कहानी एक आम महिला की है, जो अपनी असाधारण लड़ाई बड़े ही धैर्य के साथ लड़ती है। रवीना दमदार डायलॉग बोलती हुई नजर आ रही हैं। ये डायलॉग है - दुनिया के अंधेरे में सूरज मैं अपना हूं, मैं पटना हूं। इस फिल्म में दिवंगत एक्टर सतीश कौशिक भी नजर आएंगे। इस फिल्म में अनुष्का कौशिक, जतिन गोस्वामी, चंदन रॉय सान्याल और मानव विज बतौर एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म 29 मार्च को हॉटस्टार पर रिलीज होगी।




## 3 दिन में 50 करोड़ के पार हुई शैतान, भोला को छोड़ा पीछे

अजय देवगन और आर. माधवन की फिल्म शैतान से इन दिनों सिनेमाघरों की रौनक बढ़ गई है। दर्शक फिल्म पर खूब प्यार लुटा रहे हैं और थिएटर की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। उन्हें लीक से हटकर बनाई गई इस फिल्म की कहानी आकर्षित कर रही है। फिल्म 8 मार्च को रिलीज हुई थी। इसने तीन दिन में ही भारत में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का खास आंकड़ा छू लिया है। शैतान ने ओपनिंग डे पर 14.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इसके बाद शनिवार को भी इसका जादू बरकरार रहा और इसने 18.75 करोड़ रुपए अपनी झोली में डाल लिए। अब तीसरे दिन के कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने रविवार (10 मार्च) को 20 करोड़ रुपए कमाए। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 53.50 करोड़ रुपए पहुंच गई है। इस मामले में अजय की ही फिल्म भोला पिछड़ गई जो पिछले साल 30 मार्च को रिलीज हुई थी। 'भोला' ने तीन दिन में 30.8 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। शैतान ने पूरी दुनिया में 60 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके डायरेक्टर विकास बहल और प्रोड्यूसर अजय देवगन हैं। माधवन 'शैतान' के नेगेटिव किरदार में दिखाई दे रहे हैं।

## वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में एक साथ दिखाई देंगे गुलशन देवैया और नेहा धूपिया



एक्टर गुलशन देवैया और नेहा धूपिया मेंटल हेल्थ पर आधारित वेब सीरीज थेरेपी शेरेपी में पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। एक्टर गुलशन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हर परिवार अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षित स्थान बना सके तो इस दुनिया से बहुत सारी परेशानियां गायब हो जाएंगी। इससे लोग बेहद खुश रहेंगे। शो की कहानी औसत मध्यम आय वाले परिवार के बारे में है। उन्होंने आगे कहा, मैं देख रहा हूं कि लोग धीरे-धीरे परिवार के पालन-पोषण के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे हैं। दुनिया एक बेहतर जगह हो सकती है और हमें इसकी शुरुआत घर से ही करनी चाहिए।



## यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स को फेक कहा

ऑस्कर अवार्ड्स के समापन पर यामी गौतम ने फिल्मी अवार्ड्स शो को फर्जी बताया। उन्होंने फिल्म ओपनहाइमर के लिए किलियन मर्फी को बधाइयां दीं। यामी ने किलियन मर्फी के काम की प्रशंसा भी की।
यामी गौतम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया यामी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- पिछले कुछ सालों से मुझे मौजूदा नकली फिल्मीअवार्ड्स में कोई विश्वास नहीं रहा। यही वजह है कि मैंने अवॉर्ड शो अटेंड करना भी छोड़ दिया है। आज मुझे वास्तव में बहुत खुशी महसूस हो रही है क्योंकि किलियन मर्फी ने अपने काम से ये साबित कर दिया कि वे कितने बेहतर हैं। आपको इस तरह से सबसे बड़े ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित होते देखना यही बताता है कि आखिर में आपका टैलेंट ही सबसे ऊपर होता है। 11 मार्च को लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हुआ। सेरेमनी में ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए। किलियन मर्फी बेस्ट एक्टर, क्रिस्टोफर नोलन बेस्ट डायरेक्टर बने। इसी फिल्म के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला। ये उनके करियर का पहला ऑस्कर है। ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म एडिटिंग, बेस्ट ओरिजिनल स्कोर और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी कैटेगरी के अवॉर्ड भी अपने नाम किए। फिल्म कुल 13 कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी।

## लाहौर 1947 में पिता सनी संग धमाल मचाएंगे करण देओल



सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लाहौर 1947 को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म का निर्माण आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले हो रहा है। वहीं, इसके निर्देशक राजकुमार संतोषी हैं। इस पीरियड ड्रामा फिल्म को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि इसमें सनी के बेटे करण देओल नजर आएंगे। अब इन खबरों पर खुद आमिर खान ने बड़ा बयान दिया है, जो सुर्खियों का हिस्सा बन गया है। आमिर खान ने पुष्टि की है कि सनी देओल के बेटे करण देओल उनकी आगामी फिल्म लाहौर 1947 में अभिनय करेंगे। हाल ही में, यह पता चला था कि करण ने फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए ऑडिशन दिया था। फिल्म में करण, जावेद का किरदार निभाते नजर आएंगे। आमिर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि करण देओल ने जावेद की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका के लिए इतनी अच्छी तरह से परीक्षण किया है।
आमिर खान ने आगे कहा, उनकी स्वभाविक मासूमियत और उनकी ईमानदारी बहुत कुछ सामने लाती है। करण ने वास्तव में खुद को साबित किया है। उन्होंने आदिशक्ति के साथ कड़ी मेहनत की, वर्कशॉप की, राज के साथ रिहर्सल की, और अपना सब कुछ दे रहे हैं। जावेद एक महान हिस्सा है, एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण हिस्सा है और मुझे यकीन है कि राज संतोषी द्वारा उन्हें निर्देशित करने के साथ, करण इसमें सफल होंगे। इस फिल्म से पहली बार सनी, राजकुमार संतोषी और आमिर खान एक साथ आ रहे हैं। संतोषी ने लाहौर 1947 के कैमरामैन के रूप में संतोष सिवन को भी चुना है। वह फिल्म में एआर रहमान और जावेद अख्तर के साथ भी काम कर रहे हैं।



## संग्राम सिंह ने बड़े-बड़े स्टार्स के साथ फिल्मों के ऑफर किए रिजेक्ट

भारत के मशहूर पहलवान संग्राम सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। इनकी मूवी उड़ान जिंदगी की रिलीज होने जा रही है। इसके पहले उन्होंने बिग बॉस भी किया हुआ है और नाम कमाया है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू दिया।

### बॉलीवुड में अभी तक आपकी ग्रैंड एंट्री नहीं हो पाई है?

मैंने कई सुपरस्टार्स के साथ वो फिल्में छोड़ी, जिसमें मुझे निगेटिव भूमिकाओं का ऑफर मिला। मुझे दंगल में भी मौका मिला था, मगर मुझे उसमें पहलवानी में हारना था। मैंने विनम्रता से आमिर खान साहब से कह दिया कि मैं एक पहलवान हूं, अगर मैं इसमें हारा, तो मेरी रोजी -रोटी बंद हो जाएगी। एक और बड़े सुपरस्टार ने सामने बैठा कर मुझे एक रोल ऑफर किया और कहा, 15 मिनट का रोल है, आपकी मेरी फाइट है। टैररिस्ट का रोल है, आपको बच्चों को किडनैप करना है। मगर मैंने मना कर दिया। मैं श्याम बेनेगल के साथ फिल्म करने वाला था केडी जाधव साहब की बायोपिक। उन्होंने पहलवानी में ओलंपिक में भारत के लिए पहला पदक जीता था। फिल्म की अनाउंसमेंट हो गयी थी। पूरे तीन साल मैं वर्सोवा - मुंबई से श्याम बेनेगल साहब के घर जाता था। मैंने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था कि मैं कोई दूसरा काम नहीं कर सकता था। मैंने फिल्म के लिए वजन कम किया, मराठी सीखनी शुरू की। मगर फिल्म नहीं बनी। उस वक्त भी मैंने यही सोचा कि इसमें भी कोई भलाई होगी। फिर महेश भट्ट साहब के साथ एक म्यूजिक अल्बम में मौका मिला। वहां भी कॉन्ट्रैक्ट था कि मैं एक साल तक कहीं और काम नहीं कर सकता। उसके बाद मुझे प्रकाश झा साहब के साथ अवसर मिला। सोशल इश्यू पर एक शो होने वाला था। वो भी नहीं हुआ। फिर उन्होंने आश्रम में मुझे रेसलिंग सुपरवाइज करने का मौका मिला। मैंने छोटी-मोटी फिल्में पैसों के लिए कीं, मगर फिर समझ आया कि नोटेबल काम करना जरूरी है। हां, टीवी ने मुझे कई मौके दिए।

### आपकी आगामी फिल्म उड़ान जिंदगी के बारे में बताइए?

एफटीआईआई से एक लड़का था। उसने मुझे एक स्क्रिप्ट भेजी। उसी ने फिल्म डायरेक्ट की है। मेरे होमटाउन में वो फिल्म शूट हुई है। काफी एस्पायरिंग मूवी है। फिल्म का नाम है उड़ान जिंदगी की। ये कुश्ती पर ही है। इसमें मुझे 22 साल का दिखना था। फिल्म में वहीं के लोकल कलाकार हैं। फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। यह पिता-पुत्र की भावनात्मक कहानी है। इस फिल्म में मैं एस्पायरिंग रेसलर बना हूं।

### अगर आपकी जीवनी पर फिल्म बने तो आप किस अभिनेता के बारे में सोचेंगे?

बॉलीवुड में तो सारे टैलेंटेड एक्टर हैं, मगर अभिनय के हिसाब से मैं देखूं, तो आइडली रणबीर कपूर इस रोल में खुद को ढाल लेगा। वो अभिनय के साथ-साथ फिजिक भी बना लेगा। एक और बेस्ट ऑप्शन विकी कौशल भी है। अगर वो अपनी बॉडी बना ले, तो वो भी सही रहेगा। वैसे मुझे रितिक रोशन भी बहुत अच्छा एक्टर लगता है। एक शो के दौरान मेरा उनसे इंटरेक्शन हुआ था।

### आपकी अभिनेत्री पत्नी पायल रोहतगी काफी बिंदास और बेबाक हैं, आपको इनकी बेबाकी का खामियाजा भुगतना पड़ता है?

बिलकुल भुगतना पड़ा है। बहुत बार नुकसान उठाना पड़ा है। शुरू में मैंने उन्हें समझाया, मगर वे समझी नहीं। फिर जब उन पर एफआईआर दर्ज हुई, तो मैंने उन्हें समझाया कि पैसे किसके गए, हमारे, टाइम और एनर्जी किसकी गई? हमारी,इन्हें किसी और जगह लगाते तो अच्छा था। मगर दुनिया में कुछ ही इंसान ऐसे हैं, जैसे वो दिखते हैं, वैसे होते हैं और पायल जी उनमें से हैं। जब मैं उनसे एक शो में मिला, तो सब कहते थे, ये लड़की आपके लिए ठीक नहीं है। मगर हम 13 साल से साथ में हैं।

# 'देश, समाज की उन्नति में कलाकार बेहद अहम'

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, द्वारा त्रिदिवसीय वार्षिक कला प्रदर्शनी 'क्रियेटिव 2024'' का आयोजन एमिटी विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय अत्याधुनिक कला संग्रहालय के महानिदेशक डा संजीव किशोर गौतम, इटली की प्रख्यात कलाकार सुश्री फ्रांसेस्का अमालिया ग्रिमाल्डी, गैलरी स्पेस की संस्थापक निदेशक श्रीमती रेनू मोदी, एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और ग्रुप एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा प्रदीप जोशी द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय अत्याधुनिक कला संग्रहालय के महानिदेशक डा संजीव किशोर गौतम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की स्वंय की प्रतिभा को प्रदर्शन करने की उत्सुकता ने हमें भी उत्सुक कर दिया। छात्रों द्वारा प्रदर्शित की गई कला बेहतरीन है और जो छात्रों के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन को दर्शा रही है। डा गौतम ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम में मै सदैव छात्रों से जुड़ने और उनके नव विचारों को समझने का प्रयास करता हूं। विश्व में भारतीय कला एवं संस्कृति के परिचय एवं प्रदर्शन की जिम्मेदारी आप जैसे युवा कलाकारो की है। किसी भी देश, समाज की उन्नती के लिए कलाकार बेहद जरूरी है जो कला के माध्यम से सभी को प्रोत्साहित और सही विचारों का प्रसार करते है।

### एमिटी में कला प्रदर्शनी का शुभारंभ



इटली की प्रख्यात कलाकार सुश्री फ्रांसेस्का अमालिया ग्रिमाल्डी ने कहा कि विश्व भर में यात्रा करने से मुझे कई प्रकार की कलाओं को जानने और कुछ नया सीखने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे मेंरा अनुभव समृद्व हुआ है। मेरी कलाकृतियां दुनिया के विभिन्न हिस्सो से प्रेरित है। सुश्री ग्रिमाल्डी ने कहा कि मुझे अमूर्त कला का बहुत शौक है क्योकि यह अपने प्रभाव को प्राप्त करने के लिए आकृतियों, रंगो, हावभाव चिन्हों का उपयोग करता है। एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान ने कहा कि एमिटी मे हम छात्रों को भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करते है, आज के छात्र कल देश के प्रख्यात कलाकार होगें।

# सड़कों को गड्ढामुक्त करें अधिकारी : आर्य

## अधिवक्ताओं ने डीएससी रोड की हालत पर जताई चिंता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन भैरपाल सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक गौतमबुद्धनगर को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की है कि हाईटेक शहर और उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार नोएडा का दादरी नोएडा रोड, (डीएससी रोड) के सूरजपुर से दादरी बाईपास (जीटी रोड) तक के भाग को अविलंब सरकार की योजना के अनुसार गड्ढा मुक्त किया जाये और डिवाइडर का भी निर्माण कराया जाए।

ज्ञापन में लिखा है दादरी नोएडा रोड,(डीएससी रोड) के सूरजपुर से दादरी बाईपास और रेलवे रोड (जीटी रोड) तक का भाग प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी विभाग की अनदेखी के कारण सरकार की गड्ढे मुक्त योजना को पलीता लगा रहा है। रोड पर भयानक गड्ढे के कारण और डिवाइडर के बगैर भयानक घटनाओं से जीवन, समय और धन की बर्बादी हो रही है। यह रोड दिल्ली-एनसीआर के साथ जुड़ता है और उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों के लिए एक मुख्य रास्ता है। ज्ञापन सौंपते समय बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से मांग है कि दादरी नोएडा रोड के सरकार की योजना के अनुसार गड्ढा मुक्त कर और डिवाइडर लगाया जाए।



ज्ञापन सौंपने वालों में रामशरण नागर एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन जीबीनगर, संगठन संरक्षक कृष्ण भाटी एडवोकेट, डा. देव भाटी एडवोकेट पूर्व सचिव, अरूण चन्देला एडवोकेट पूर्व सचिव, सुनील राव भाटी एडवोकेट पूर्व सचिव, भंवर सिंह भाटी एडवोकेट पूर्व सचिव, गजराज नागर एडवोकेट पूर्व सचिव, कर्मवीर यादव एडवोकेट, गजेन्द्र खारी एडवोकेट, अजय चौधरी एडवोकेट, मांगेराम भाटी एडवोकेट, सुनील नागर एडवोकेट, राजकुमार गौतम एडवोकेट, सतपाल एडवोकेट, अंकुर भाटी एडवोकेट, मनोज नागर एडवोकेट, सागर खारी आर्य, सोमेस एडवोकेट, दिनेश नागर एडवोकेट, दिनेश भाटी एडवोकेट, सोभाराम चंदीला एडवोकेट, बलराज भाटी एडवोकेट संगठन महासचिव, अजीत नागर एडवोकेट संगठन उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र नागर एडवोकेट, रोहतास नागर एडवोकेट, राजकुमार नागर एडवोकेट, मनजीत भाटी एडवोकेट,अनिल विकल एडवोकेट, नरेंद्र शर्मा एडवोकेट, विरेन्द्र सिंह लोहिया एडवोकेट, जिया सिंह एडवोकेट,दिनेश सिंह , उमेश शर्मा, वीर सिंह,कुसुम एडवोकेट, सुरेन्द्र नागर एडवोकेट एवं बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के वरिष्ठतम सैकड़ों अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# गीता रघुवुंशी को मिला शिक्षक सम्मान, आराध्या ने किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दनकौर कस्बे में स्थित श्री द्रोणाचार्य रमेश चंद विद्यावती कॉन्वेंट



स्कूल की अध्यापिका गीता रघुवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। ग्रेटर नोएडा की मूल निवासी गीता रघुवंशी को यह सम्मान 'आराध्या- एक एहसास फाउंडेशन' नामक प्रसिद्ध संस्था ने दिया है। शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने के बाद गीता रघुवंशी ने कहा है कि सम्मान मिलने से शिक्षा जगत में और अधिक योगदान देने की ऊर्जा प्राप्त हुई है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित द मंथन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में गीता रघुवंशी के साथ ही साथ एक दर्जन शिक्षकों को शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

अनेक शिक्षकों को मिला सम्मान

आपको बता दें कि 'आराध्या- एक एहसास फाउंडेशन' एक प्रमुख सामाजिक संस्था है। इस संगठन ने बड़ी संख्या में शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया है। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दनकौर कस्बे में स्थित श्री द्रोणाचार्य रमेश चंद विद्यावती कॉन्वेंट स्कूल की उप प्राचार्य श्रीमती मेघा भटनागर, श्रीमती ज्योतिसना चाकू, श्रीमती रति माहेश्वरी, श्रीमती चारू गर्ग, श्रीमती करूणा यादव, श्रीमती अंजू दुबे, श्रीमती कल्पना धवन, श्रीमती गीता रघुवंशी, श्रीमती भारती गुप्ता, श्रीमती मनाली मुखर्जी, श्रीमती कविता तिवारी, श्रीमती मोनिका चौधरी, भूपेन्द्र शुक्ला, प्रशांत कुमार तथा श्रीमती रेणु सक्सेना के नाम शामिल है।।

इस अवसर पर एसआईएस केन्द्र के निदेशक डा0 बैंकेलाल दुबे तथा अमृता चौधरी की उपस्थिति विशेष रूप् से उल्लेखनीय थी। शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने के बाद श्रीमती गीता रघुवंशी ने कहा कि सम्मान मिलने से प्रसन्नता हुई है। साथ ही यह एहसास भी हो गया कि शिक्षा जगत की सेवा में अधिक से अधिक योगदान देती रहूंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

# हंसते-हंसते बीत गए 29 साल



**नोएडा (चेतना मंच)।** जेवीसीसी लाफ्टर क्लब नोएडा ने आज सुबह लाफ्टर योग की 29वीं वर्षगांठ बड़े उत्साह, जोश और खुशी के साथ मनाई। इस अवसर पर क्लब के संस्थापकों डॉ. मदन कटारिया और माधुरी कटारिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

13 मार्च 1995 को, पाँच हँसी योगी, माधुरी कटारिया, डॉ.मदन कटारिया, मदन मोहन, मोहन सिंह और आर.के. टंडन, मुंबई में पहला सत्र आयोजित कर इतिहास रचा था। इसकी लोकप्रियता लाफ्टर योग आंदोलन के साथ बढ़ी है, जो अब 120 से अधिक देशों में हजारों लाफ्टर क्लब का दावा करता है।

नेहा कहती हैं कि लाफ्टर योगा से जुड़ने के छह महीने के भीतर ही मेरा कोलेस्ट्रॉल बिना किसी दवा के सामान्य हो गया। लाफ्टर क्लब से जुड़े दीपक कहते हैं कि क्लब से जुड़ने के बाद थकान और कभी-कभी सांस फूलना गायब हो गया है।

गीता कहती हैं कि मेरी लंबी खांसी, सांस लेने की समस्या या घुटन की समस्या 'हंसते रहो - हंसते रहो और बिना किसी कारण के हंसते रहो' और 'दिल के रिश्ते मजबूत हो गए हैं' के कारण गायब हो गए हैं।



# नवरत्न संस्था ने गाजीपुर में खोला सिलाई केन्द्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** महिलाओं की प्रतिभा के विकास को समर्पित संस्था नवरत्न फाउंडेशन्स द्वारा उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की तहसील मोहम्मदाबाद के गाँव सिलाईच में महिला सशक्तिकरण के प्रोजेक्ट अस्तित्व के तहत महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं महिला प्रो. शिक्षा केंद्र प्रारम्भ किये गए हैं। गाजीपुर के रानू मिश्रा ने संस्था की पहल का स्वागत किया।

इन केंद्रों के उद्घाटन पर नवरत्न के दीपक श्रीवास्तव विशेष रूप से बलिया से गाजीपुर राउरकेला (उड़ीसा) से सेवानिवृत्त गणित के प्रोफेसर एस.के सिंह व सेवानिवृत्त सब-इंस्पेक्टर (उ.प्र) विश्वनाथ सिंह पहुंचे।

अपने उद्बोधन में प्रोफेसर श्री सिंह ने न केवल समाज में महिलाओं के स्वावलंबन के फायदे व सिलाई से आय के श्रोत पर खासा प्रकाश डाला।

